रोहतक

रविवार, 8 जून, 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 128
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


मौसम

अधि. 44.0
न्यून. 23.5

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





07 भारत को छह स्वर्ण, ज्योति ने बाधा दौड़ में मारी बाजी


## उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, सभी यात्री बाल-बाल बचे



रुद्रप्रयाग(भाषा)। उत्तराखंड के केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर में शनिवार को तकनीकी खराबी आने के बाद उसे रुद्रप्रयाग में राजमार्ग पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा, जिससे उसमें सवार पांच तीर्थयात्री और एक पायलट बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने बताया कि मामूली रूप से घायल हुए पायलट को अस्पताल ले जाया गया है।सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में देखा जा सकता है कि केस्ट्रेल एविएशन का हेलीकॉप्टर राजमार्ग के बीच में खड़ा है और यह रिहायशी इमारतों के बहुत करीब था। हेलीकॉप्टर ने बड़ासू हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण इसे आपात स्थिति में सिरसी के निकट राजमार्ग पर उतारना पड़ा।

### कार पर गिरा पिछला हिस्सा दुकान के टीन शेड भी उड़े

इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर के पीछे का हिस्सा एक कार पर गिरकर टूट गया। इसमें कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि हेलीकॉप्टर के पंखे से हाईवे किनारे बनी दुकान के टीन शेड भी उड़ गए। इस दौरान दुकान में बैठे लोगों ने भागकर जान बचाई।



## बेंगलुरु भगदड़

### केएससीए के पदाधिकारियों का इस्तीफा

## हाईकोर्ट के सरकार से सवाल, जश्न की मंजूरी किसने दी, यह फैसला क्यों लिया

बेंगलुरु (भाषा)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने के लिए किसने अनुमति दी थी? यह निर्णय कब और कैसे लिया गया था? क्या आयोजकों ने आवश्यक अनुमति ली थी? ये वे प्रश्न हैं जिनके उत्तर कर्नाटक सरकार को चार जून को हुई भगदड़ के संबंध में 10 जून तक उच्च न्यायालय में दाखिल करने होंगे। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नौ महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इधर, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है। शंकर और जयराम ने संयुक्त बयान में कहा-'पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।'

### दस जून तक जवाब दायर करे सरकार



शंकर और जयराम ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण घटना की वजह से पदों से इस्तीफा दिया

■

हादसे में मृतकों के परिजनों को 10 लाख की जगह मिलेगा 25 लाख मुआवजा

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव व न्यायमूर्ति सी. एम. जोशी की खंडपीठ ने इस त्रासदी के मद्देनजर अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए ये सवाल पूछे। सरकार को 10 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

**ये सवाल पूछे**

- आयोजन स्थल के आसपास यातायात को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए गए ?
- भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या व्यवस्था की गई थी ?
- मौके पर कौन सी चिकित्सा व आपातकालीन सुविधाएं थी।
- क्या पहले से उपस्थित लोगों की संख्या का अनुमान लगाया गया था?
- क्या घायलों को घटनास्थल पर तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई? यदि नहीं, तो क्यों?
- घायलों को अस्पताल पहुंचाने में कितना समय लगा ?

## खबर संक्षेप

### भाखड़ा जल विवाद : पंजाब सरकार की याचिका खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा को पानी छोड़ने का निर्देश देने से संबंधित छह मई के उसके आदेश को वापस लेने या उसमें संशोधन करने के अनुरोध वाली पंजाब सरकार की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने 26 मई को पंजाब सरकार की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पंजाब ने छह मई को उसके आदेश को वापस लेने या उसमें संशोधन करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने पंजाब को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन के दो मई के फैसले के अनुसार हरियाणा को 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया था।

### उम्र केस में धोखाधड़ी करने वाले 30 पहलवान निलंबित

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने जूनियर स्तर पर अधिक उम्र के पहलवानों पर शिकंजा कसते हुए पिछले माह 400 से अधिक ऐसे मामलों की जांच के बाद 30 पहलवानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया। डब्ल्यूएफआई ने मुख्य रूप से दिल्ली के अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें कहा गया था कि हरियाणा के कई पहलवानों ने फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करके उम्र कम दिखाई। भाषा

### स्वास्थ्य मंत्री आरती बोलीं, नो-नोड फार्मूला लागू, ऑन-कॉल उपलब्ध होंगे चिकित्सक

# अब सरकारी अस्पतालों में पीपीपी मोड पर निजी डॉक्टर्स की ले सकेंगे सेवाएं

**पहले चरण में हिसार, जींद, मेवात सोनीपत व कैथल में योजना लागू**

**एनेस्थीसिया, सर्जरी व रेडियोलॉजी के विशेषज्ञों को देनी होंगी सेवाएं**

**स्त्री रोग एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे**

**ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में मरीजों को मिलेगा बड़ा फायदा**

चंडीगढ़ (हरिभूमि ब्यूरो)। प्रदेश सरकार ने हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम उठाया है। शनिवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि अब प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में 'ऑन-कॉल' प्रणाली के तहत विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे, ताकि गंभीर रोगियों को समय पर उपचार मिल सके। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर्स के लिए पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत नो-नोड फार्मूला लागू किया जा रहा है। इसके तहत सरकार अस्पतालों में पीपीपी मोड पर निजी चिकित्सकों की सेवाएं मिल सकेंगी। इस पहल से ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी और मरीजों को समय पर बढ़िया इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केवल एक नीतिगत बदलाव ही नहीं, बल्कि यह लोगों पर केंद्रित सुधार है, जिसका उद्देश्य जीवन बचाना और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है।



### इन पांच जिलों को होगा फायदा

सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टर ऑन-कॉल मरीजों को देखेंगे। स्त्री रोग और बाल रोग सहित एनेस्थीसिया, सर्जरी और रेडियोलॉजी जैसे मामलों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में यह सेवा पांच जिलों हिसार, जींद, मेवात, सोनीपत और कैथल में उपलब्ध कराई जा रही है।

### मरीजों को मिलेगी उच्च चिकित्सा सुविधा

स्वास्थ्य मंत्री ने आगे बताया, यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे बाद में पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा। इस योजना से न केवल मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि जिला स्तर पर रेफरल सिस्टम की आवश्यकता भी कम होगी। प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। यह नई पहल उसी दिशा में एक मजबूत और सकारात्मक प्रयास है।


### स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना लक्ष्य

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा, यह पहल प्रौद्योगिकी, विकेंद्रीकरण और नवाचार के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के सरकार के व्यापक प्रयास का हिस्सा है. हमारी सरकार सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केवल एक नीतिगत बदलाव नहीं है, बल्कि यह लोगों पर केंद्रित सुधार है, जिसका उद्देश्य जीवन बचाना और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करना है।

### नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों को सफलता

## छत्तीसगढ़ में चार दिन में सात नक्सली मार गिराए

बीजापुर (भाषा)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। यहां मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो महिला समेत पांच नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने पिछले चार दिनों में 2 नक्सली नेता समेत कुल 7 नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए सभी 7 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बुधवार चार जून से बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस अभियान में राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ), जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विशिष्ट इकाई कोबरा बटालियन के जवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पांच जून को सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में माओवादियों के नेता सुधाकर उर्फ गौतम का शव बरामद किया गया था। इसके बाद छह जून को तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य भास्कर का शव बरामद किया गया। सुधाकर पर 40 लाख रुपये तथा भास्कर पर 45 लाख रुपये का इनाम था।



टॉप कमांडर सुधाकर भास्कर भी मारा गया, मरने वालों में दो महिलाएं और पांच पुरुष नक्सली

■

मौके से ऑटोमैटिक हथियार और गोला बारूद बरामद

### मौके से भारी मात्रा में हथियार मिले

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ों के दौरान 3 अन्य माओवादियों के शव बरामद किए हैं। वहीं शनिवार को दो अन्य नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। सुरक्षाबलों द्वारा बरामद 5 अज्ञात नक्सली शवों की पहचान करने का प्रयास जारी है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। अभियान के दौरान कुछ सुरक्षाकर्मी सांप के काटने, मधुमक्खी के डंक मारने से घायल हुआ है।

## सिरसा : घर में सो रही पत्नी की कस्सी से गर्दन काटकर हत्या

**// वारदात //**

पति ने पुलिस को फोन कर कहा, मैंने बीवी को मार डाला, लाश पड़ी है, आ जाओ

■

पुलिस से बोला, मैंने आंखें बंद कर जोर से कस्सी मारी, एक ही वार में गर्दन धड़ से अलग हो गई

चोपटा/सिरसा (हरिभूमि न्यूज)। गांव रामपुरा ढिल्लों में एक गुस्साए पति रोहताश ने घर में सोई हुई पत्नी माया देवी (35) की कस्सी से गर्दन काटकर हत्या कर दी। इसके बाद रोहताश ने खुद ही पुलिस को फोन कर कहा कि उसने अपनी पत्नी को मार दिया है। घर में लाश पड़ी है आ जाओ। वारदात के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा भिजवा दिया। बताया जा रहा है कि रोहताश ने अलसुबह वारदात को अंजाम दिया।



**शव के पास बैठा रहा रोहताश**

पुलिस मौके पर पहुंची तो रोहताश शव के पास बैठा था। पुलिस ने पूछा कि हत्या क्यों की तो चुप रहा। कैसे की तो बोला कि मैंने आंखें बंद कर ली और जोर लगाकर कस्सी मार दी। एक बार में गर्दन धड़ से अलग हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपित मजदूरी करता है। उसके दो बच्चे हैं। माया घर में ही किरयाना व मनिहारी की दुकान चलती थी। नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि हम हर एंगल से जांच कर रहे हैं।

## फरीदाबाद में दो कारें भिड़ीं 3 दोस्तों की मौत, 4 गंभीर

**// दर्दनाक //**

दिल्ली-आगरा हाईवे पर हादसा आग लगी

■

राहगीरों ने दो वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला

■

तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसा

फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)। दिल्ली-आगरा हाईवे पर जेसीबी चौक पर सड़क हादसे में 3 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि यह दर्दनाक हादसा शनिवार अलसुबह करीब 2.15 बजे हुआ। पलवल की ओर जा रही एक तेज रफ्तार एमजी हेक्टर ने अर्टिगा कार को टक्कर मार दी। इसके बाद अर्टिगा कार 2 बार पलटकर हाईवे पर बिखर गई। वहीं, हेक्टर के अगले हिस्से में आग लग गई। राहगीरों ने दोनों वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला व पुलिस को सूचना दी।



**इनकी जान गई**

हादसे में अर्टिगा में सवार 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। 2 अन्य लोगों और हेक्टर में सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मरने वालों में मनीष (23) गांव बंचारी, दीपांशु (30) गांव भंगुरी व गांव फूलवाली का त्रिवेंद्र कुमार (28) शामिल हैं। सेक्टर-58 थाना के प्रभारी विनोद के बताया कि अर्टिगा कार में पांच और हेक्टर में तीन लोग सवार थे। अर्टिगा में पीछे बैठे 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।






### विकास पर वर्ल्ड बैंक की मुहर, 11 साल में गरीबों की संख्या घटी

## राहत : भारत में 26.9 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से निकले बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व बैंक की नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 11 वर्षों में अत्यधिक गरीबी को कम करने में जबरदस्त प्रगति की है। 2011-12 में देश की अत्यधिक गरीबी दर 27.1% थी, जो 2022-23 में घटकर सिर्फ 5.3% रह गई। इसका मतलब है कि इस दौरान लगभग 269 मिलियन (26.9 करोड़) भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकल गए हैं। 2011-12 में देश में 344.47 मिलियन (34.4 करोड़) लोग अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे, जबकि 2022-23 तक यह संख्या घटकर 75.24 मिलियन (7.5 करोड़) हो गई। गौरतलब है कि गरीबी रेखा का आकलन 3.00 डॉलर प्रतिदिन (2021 की कीमतों पर) के अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार किया गया है।

### ग्रामीण व शहरी इलाकों में गरीबी कम हुई

इस बदलाव में उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की बड़ी भूमिका रही है। 2011-12 में इन 5 राज्यों में देश के 65% अत्यधिक गरीब रहते थे। अब इन राज्यों ने गरीबी में कमी के दो-तिहाई हिस्से में योगदान दिया है। अगर पुराने मानक, यानी 2.15 डॉलर प्रतिदिन (2017 की कीमतों पर) की गरीबी रेखा से तुलना करें, तो 2011-12 में भारत की अत्यधिक गरीबी दर 16.2% थी, जो 2022 में घटकर सिर्फ 2.3% रह गई। ग्रामीण और शहरी इलाकों दोनों में गरीबी तेजी से कम हुई है। ग्रामीण भारत में अत्यधिक गरीबी दर 18.4% से घटकर 2.8% हो गई, और शहरी क्षेत्रों में यह 10.7% से घटकर सिर्फ 1.1% रह गई है।

### गरीबों के लिए चलाई गई योजनाओं का परिणाम : पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को सरकार की गरीबों के लिए चलाई गई योजनाओं का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि बीते 11 सालों में केंद्र सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर, समावेशन और पारदर्शिता पर ध्यान देते हुए कई योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा लाभ गरीबों को मिला।




## खबर संक्षेप



### देश में 10 गुरुकुल और 108 संस्कार केंद्र खोलेंगे

**पंचकूला।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर परम पूज्य सुधांशु महाराज शिव धाम आश्रम मोरनी रोड पंचकूला में प्रवचन करने पहुंचे। उन्होंने यह भी बताया कि हम भारत में 10 गुरुकुल और 108 संस्कार केंद्र खोलने का काम भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में पहला गुरुकुल बंगाल, दूसरा मुरादाबाद, और तीसरा नक्सलवादी और आदिवासी क्षेत्र में बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा के संस्कार केंद्र में बच्चों और युवाओं को माता-पिता, संस्कृति और अपने इतिहास से जुड़ने के बारे में जागरूक किया जाएगा। प्रवचन के दौरान सुधांशु महाराज ने कहा कि परमात्मा से ऊपर कोई भी नहीं है, हम सभी को सुबह उठकर भगवान का सिमरन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के लोगों में देशभक्ति होना अति जरूरी है।

### बिहार के पूर्व खनन मंत्री बृज किशोर बिंद से मिले विज

**अम्बाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से आज उनके सदर बाजार स्थित टी-प्वाइंट पर बिहार के पूर्व खनन मंत्री बृज किशोर बिंद भारतीय जनता पार्टी के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत मुलाकात की। अम्बाला में प्रवास के दौरान पूर्व खनन मंत्री बृज किशोर बिंद ने इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा नेता राजीव गुप्ता डिम्पल के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### गैंगस्टरों को भारत लाकर फांसी दी जाए

**पंचकूला।** समाजसेवी सिमरनजीत सिंह मान ने केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री मोदी से मांग की है कि देश से गैंगराज खत्म किया जाए और विदेशों में बैठकर लोगों की हत्याएं करवाने वाले गैंगस्टरों को भारत लाकर फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि वह दो दिन पहले गैंगवार में मारे सोनू नोहल्टा के परिवार के साथ खड़े हैं तथा उनकी हत्या के आरोपी को पकड़े जाने की मांग को जोरशोर से उठाकर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने का काम करेंगे। कपूरथला चर्च के पास्टर बरजिंद्र सिंह को सजा दिलाने और पंजाब की बाबा फरीद यूनिवर्सिटी में हुए घोटाले को उजागर करने वाले समाजसेवी मान ने आज यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दो दिन पहले पिंजौर में गैंगस्टरों की ओर से सोनू नोहल्टा की हत्या कर दी गई। हत्या करने वाला आरोपी दो दिन पहले उसके साथ खाना खाने और दो हजार रुपये लेने के बाद उसकी दो दिन बाद हत्या कर वीडियो अपलोड कर हत्या की जिम्मेदारी भी लेता है।

### फाउंडेशन ने लगाया 168वां अन्न भंडारा



**पंचकूला।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही श्री श्याम करुणा फाउंडेशन ने आज पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में अपना 168वां अन्न भंडारा आयोजित किया। यह आयोजन फाउंडेशन की निरंतर सेवा यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों, जरूरतमंदों एवं आम नागरिकों को निशुल्क और सम्मान पूर्वक भोजन परोसा गया। फाउंडेशन संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने कहा कि हर एक भारतीय को कोई न कोई सामाजिक कार्य करके देशवासियों की सेवा करनी चाहिए यह भारत के प्रति उनका उत्तरदायित्व भी है। रुंगटा ने आगे कहा कि जरूरतमंद को भोजन देना सबसे बड़ा पुण्य है और इसी भावना से हम लगातार प्रयासरत हैं कि कोई भूखा न सोए।अन्न भंडारे के दौरान सेवा में जुटे स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई।

---

संत कबीर कुटीर पर डीएससी समाज के प्रतिनिधिमंडल से मिले सीएम सैनी, बोले

# 3,500 भर्तियों में 605 पद डीएससी समाज और 604 अन्य अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित

■ डीएससी समाज के संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए डीएससी समाज के प्रतिनिधिमंडल से मिल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समाज ने जो यह सम्मान की पगड़ी मेरे सिर पर रखी है, यह सम्मान समाज का है और मैं इस सम्मान को कभी कम नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि आज डीएससी को उसका अधिकार और सम्मान मिल रहा है। हाल ही में जो लगभग 3,500 भर्तियों की घोषणा हुई है, उसमें 605 पद डीएससी समाज के लिए और 604 पद अन्य अनुसूचित जातियों के लिए हैं। यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक सशक्त कदम है।

उन्होंने कहा कि डीएससी समाज ने काफी संघर्ष किया और आज उस संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आए हैं। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां सशक्त और मजबूत होंगी। सैनी ने कहा कि इस देश की असली ताकत हमारे गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के लोग हैं। यही लोग अपने पसीने और मेहनत से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में इन मेहनतकश वर्गों को जो सम्मान और अधिकार दिए हैं, वह कांग्रेस कभी नहीं दे पाई। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार के हितों को प्राथमिकता दी और आम जनता, समाज और देश की चिंता नहीं की। कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए आम जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी की और अब जनता ने उन्हें शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है।

**सिरसा में 11 जून को संत कबीर जयंती मनाई जाएगी**



### मुख्यमंत्री सैनी ने सभी को दिया जयंती का निमंत्रण

इस अवसर पर डीएससी समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया और डीएससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को 11 जून को सिरसा में मनाई जाने वाली संत कबीर जयंती के लिए भी निमंत्रण भी दिया। इस मौके पर सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि डीएससी समाज की 60-70 वर्षों की पीड़ा और तड़प को समाप्त करके मुख्यमंत्री ने उन्हें जो अधिकार दिया है, वो ऐतिहासिक और युग परिवर्तनकारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नीति या निर्णय नहीं था, बल्कि ये शोषितों और वंचितों के सम्मान की रक्षा के लिए उठाया गया साहसिक कदम था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय लागू केवल हरियाणा में हुआ, यह मुख्यमंत्री के दृढ़ संकल्प और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है।

### कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को नहीं दिया सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्र को प्रदान किया, आज हमारे लोकतंत्र की मूल आत्मा है। संसद के भीतर अध्यक्ष भी इसी संविधान की देन है, लेकिन दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी ने डॉ. अंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया और आज भी कांग्रेस पार्टी जब राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद या न्यायपालिका पर टिप्पणियां करती है तो यह सिर्फ इनका नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके बनाए संविधान का अपमान है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि चुनावों के दौरान राहुल गांधी पवित्र संविधान की प्रति को हाथ में उठाकर घूमते नजर आए। उन्हें कोई बताए कि यह संविधान कोई प्रदर्शन की वस्तु नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र का मूल स्तंभ है, यह पूजा के योग्य है।

---

# पंजाब सरकार का अब नहीं कोई जनाधार : नायब सैनी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब में जो सरकार चल रही है, वह झूठ की बुनियाद पर बनी थी। इस सरकार ने न तो जनता के कल्याण के लिए कोई कार्य किया और न ही उनके पास काम करने की इच्छा शक्ति है। अब पंजाब की जनता इस सच्चाई को समझ चुकी है। मुख्यमंत्री ने आज पंजाब के संगरूर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने चुनाव के समय जो वादे किए थे, उन्हें निभाने में पूरी तरह विफल रही है। दिल्ली के अंदर उनका पर्दाफाश हो गया है, क्योंकि झूठ लंबे समय तक नहीं चलता। पंजाब में भी अब इनका कोई जनाधार नहीं रहा है और पंजाब में होने वाले उपचुनाव में लोग सही दिशा में फैसला करेंगे।

### पंजाब में केंद्र की योजना लागू नहीं हो रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार तो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू नहीं कर रही, जिससे वहां की जनता इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कर रही है। उसी प्रकार, पंजाब सरकार भी अपने किसानों की चिंता करे और उनकी फसल का उचित मूल्य दे। नायब सैनी ने कहा कि बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

---

*नायब सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम जारी*

# निलंबित चल रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी नौकरी से बाहर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम जारी है। सरकार ने निलंबित चल रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र यादव को नौकरी से बाहर (बर्खास्त) कर दिया है। बता दें कि यादव के विरुद्ध कमीशन वसूलने, लापरवाही बरतने जैसे गंभीर आरोप लगे थे। जांच में उनके पास आय से अधिक संपत्ति पाई गई थी। उनकी बर्खास्तगी संबंधी पत्र स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की ओर से पत्र जारी किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र यादव के खिलाफ लगातार अनियमितता की शिकायतें आ रही थीं। यादव राज्य के अलग-अलग जिलों में तैनात रहे थे, जिस वक्त नियुक्ति हिसार में थी तो उनके खिलाफ कई होटल और रेस्टोरेंट के मालिकों ने कमीशनखोरी, सामान लेने पर भुगतान नहीं करने की शिकायत की गई थी। उनके खिलाफ यह भी शिकायत में एक होटल से उन्होंने कई किलो पनीर लेने व भुगतान नहीं करने के आरोप थे। हिसार के रेस्टोरेंट मालिक उनके खिलाफ लामबंद हुए थे और पुलिस को शिकायत दी थी।

### छेड़खानी सहित कई तरह के आरोप सही मिले

गुरुग्राम में नियुक्ति के दौरान उनके खिलाफ एक एनजीओ वर्कर ने छेड़खानी का आरोप लगाया था। उनके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली थी। उसके बाद तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था। विज ने नोट में यह लिखा था कि जितेंद्र के खिलाफ लगातार कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की है। शिकायत के बाद सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस डीडी गौतम से जांच भी जांच कराई गई। जिसमें सभी आरोप सही पाए गए थे। एससीएस की ओर से जारी पत्र के मुताबिक उनके ऊपर लगाए सभी आरोप सिद्ध होते हैं।

# आयुष्मान केवल कागजों और प्रचार तक सीमित : सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



सांसद सैलजा ने केंद्र सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत योजना की सख्त आलोचना करते हुए कहा कि यह योजना केवल कागजों और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है। जमीनी स्तर पर आम इसका कोई ठोस लाभ नहीं मिल रहा है। सैलजा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना की विफलता से आमजन परेशान है। केंद्र सरकार की बहुप्रचारित आयुष्मान भारत योजना की सख्त आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल कागजों और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर आम जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। योजना का प्रचार प्रसार कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। जमीनी हकीकत कुछ और ही है। प्राइवेट अस्पताल जिन्हें इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया है वे मनमानी कर रहे है, कभी कभी तो वे उपचार करने से ही इंकार कर देते है तो कभी कभी सर्वर आयुष्मान कार्ड नहीं उठा रहा है कहकर मना कर देते है।

---

**दिग्विजय चौटाला ने कहा**

# युवाओं को जोड़कर मजबूत संगठन तैयार करेगी जेजेपी

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा है कि जेजेपी संगठन में युवाओं की अहम भूमिका होगी और युवाओं का एक मजबूत संगठन युवा जेजेपी तैयार करेगी। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि वे प्रदेशभर में युवाओं को एकजुट करेंगे और सभी 22 जिलों में जाकर मेहनती युवाओं को जेजेपी के साथ जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 15 जून से चलने वाले जेजेपी सदस्यता अभियान में नए युवाओं को जेजेपी की नीतियों से अवगत करवाया जाएगा और उन्हें जेजेपी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए वे विशेष अभियान चलाएंगे। दिग्विजय चौटाला ने यह भी ऐलान किया कि सदस्यता अभियान के बाद युवा जेजेपी रैली करके संगठन की ताकत दिखाएगी। भाजपा युवाओं के रोजगार को लेकर गंभीर नहीं है और दुष्यंत चौटाला द्वारा बनवाए गए 75 प्रतिशत रोजगार कानून को लागू करवाकर ही दम लेगी।



### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब के संगरूर में पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। वे विधायक भी रहे, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भी रहे तथा पंजाब में भी उन्होंने मंत्री के रूप में जनसेवा का दायित्वभी निभाया। वे बड़े कद्दावर नेता थे। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने वाहेगुरु से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान की प्रार्थना की।

**मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा**

# एक देश-एक चुनाव से देश के संसाधनों की बचत होगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि एक देश-एक चुनाव की अवधारणा देश के संसाधनों की बचत करने, प्रशासनिक कार्यक्षमता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा आज ओम यूनिवर्सिटी, हिसार में आयोजित वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर आधारित संगोष्ठी में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि विकास कार्य भी बाधित होते हैं। वन नेशन-वन इलेक्शन से प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा और देश भर में एकरूपता आएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, फैकल्टी सदस्य, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**हरियाणा कांग्रेस में नई जान फूंकने की कवायद, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति**

# जिला अध्यक्षों को लेकर अभी से अपना-पराया

■ एनआईटी के पूर्व विधायक नीरज शर्मा को दी गई जिम्मेदारी, जिलाअध्यक्षों की नियुक्ति में लाख कोशिशों के बावजूद खींचतान के संकेत

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने और एक माह के अंदर हरियाणा में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करने की प्रक्रिया की शुरुआत में कई तरह की सियासत शुरू हो गई है। हालांकि पार्टी हाईकमान और नेता विपक्ष राहुल गांधी स्पष्ट शब्दों में अपना पराया का खेल नहीं खेलने के निर्देश देकर गए थे।

हाल ही में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और फील्ड में जाकर काम करने, निष्पक्ष रिपोर्ट देने के निर्देशों के बाद अभी कामकाज की शुरुआत ही हुई है, कि कांग्रेस की ओर से नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी में बदलाव की शुरुआत हो गई है, इसके साथ ही यह भी साफ हो गई है कि कांग्रेस में मेरा-तेरा खत्म होने वाला नहीं हैं। पीसीसी चीफ चौ उदयभान ने एक लिखित में पत्र जारी कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज से नूंह (मेवात) के प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) पर्यवेक्षक और प्रदेश कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी तुरंत प्रभाव से वापस ले ली है। अहम बात यह है कि भारद्वाज भले ही प्रदेश में लंबे अर्से से जिम्मेदारी निभा रहे हैं और कांग्रेस के वफादार भी हैं लेकिन उन्हें पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा से जोड़कर देखा जाता है। भारद्वाज को पत्र के अनुसार संगठन सृजन अभियान के लिए परिवहन और आवास संबंधी प्रबंध का प्रभारी बना दिया गया है। भारद्वाज को राज्य में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) और पीसीसी पर्यवेक्षकों के दौरे के दौरान यात्रा और ठहरने के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दे दी गई है। यहां पर बता दें कि गत दो दिन पहले जितेंद्र भारद्वाज को प्रदेश के कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई थी। जितेंद्र भारद्वाज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र व दीपेंद्र हुड्डा गुट माने जाते हैं।

### प्रभारी के निर्देशों पर किया गया बदलाव

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान की तरफ से पत्र में बदलाव को प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद की सहमति और उनके दिशा निर्देशों पर बताया जा रहा है। उनकी जिम्मेदारी में बदलाव के साथ ही पूर्व विधायक एनआईटी फरीदाबाद नीरज शर्मा को तत्काल प्रभाव से भारद्वाज के स्थान पर नूंह (मेवात) के लिए पीसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### संगठन विस्तार प्रक्रिया 10 जून से शुरू होगी

10 जून से हरियाणा में कांग्रेस संगठन विस्तार को लेकर प्रक्रिया की शुरुआत होने जा रही है। इसके तहत पहले चरण में सभी नियुक्त 22 केंद्रीय पर्यवेक्षकों के नेतृत्व में सभी जिलों के कांग्रेस नेताओं का जिला अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर फीडबैक लिया जाएगा। जिला अध्यक्षों के पद पर आवेदन के आधार पर नियमों के तहत नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### ईमानदारी से काम करूंगा : भारद्वाज

हुड्डा खेमे की बात कहने जाने पर जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि जिम्मेदारी में बदलाव पर उन्हें कोई भी आपत्ति नहीं है, हाईकमान उन्हें जहां पर भी ड्यूटी लगा देगा, वहां पर ईमानदारी के साथ में काम करेंगे। भारद्वाज ने कहा कि पार्टी की ओर से हमेशा ही मान सम्मान मिला है। कांग्रेस पार्टी के लिए ईमानदारी से काम कर रहे हैं, किसी व्यक्ति विशेष की बात करना ठीक नहीं है।

### राहुल गांधी दे गए थे एकता का संदेश

प्रदेश में एक दशक बाद में संगठन को मजबूत बनाने की अपील बेशक राहुल गांधी ने दिए हों, लेकिन जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में पार्टीबाजी, गुटबाजी व मेरा-तेरा नहीं होगा इस तरह की बात अभी से दिखाई देने लगी है। गुटबाजी का मामला अभी भी थमता नहीं दिखाई दे रहा। नीरज शर्मा को जिम्मेदारी दिए जाने के बाद शर्मा के विरुद्ध भी विरोधी खेमा मोर्चा खोल सकता है।

---


**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

अतिरिक्त मंडल रेलवे अस्पताल उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप में पूर्ण कालिक आधार पर अनुबंध पर कार्य करने हेतु सामान्य कार्य मेडिकल अधिकारी की नियुक्ति के लिए वाक् इन इंटरव्यू। (एक साल के लिए अनुबंध)

| | |
|---|---|
| 1. पद का नाम | पूर्ण कालिक अनुबंध चिकित्सा प्रैक्टिशनर (CMP) नियुक्ति |
| 2. कुल पदों की संख्या | 01 (सामान्य) |
| 3. स्थान | अतिरिक्त मंडल रेलवे अस्पताल उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप |
| 4. स्थान, दिनांक, समय | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप। 24.06.2025 10:30 बजे से 12:30 बजे तक |
| 5. कोटि | सीमपी |
| 6. मासिक आय | 95,000/- |

संख्या 1/Med/CMP/Doctors/JUDW/2025 दिनांक: 05.06.2025. 1692/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरविन पार्टनर ऑफ मेसर्स पीआरजी एंटरप्राइजेज पता आरएस कॉलोनी, निकट महिन्द्र वर्कशॉप मेन बगला रोड़, हिसार हरियाणा–125001 ने सीसी संख्या 3096/2020 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः प्रशांत विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरविन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरविन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 3096/2020 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना प्रशांत विहार, नई दिल्ली के उक्त अरविन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सार्थक पंवार**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05**
**नार्थ जिला, कोर्ट कमरा नं.114, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/6426/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C./84 भा.ना.सु.सं. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1.राज कुमार पुत्रः** महेन्द्र **2.सोमवीर उर्फ मोटा पुत्रः** स्व0 राम किशन **निवासीः** वीपीओ–करोर, थाना साँपला, जिला रोहतक, हरियाणा दोनो का निवास एक ही है ने **FIR. No. 149/2009 U/s 25/54/59 Arms Act. दिनांक 02.09.2009. थानाः क्राईम ब्रॉच, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.राज कुमार 2.सोमवीर उर्फ मोटा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.राज कुमार 2.सोमवीर उर्फ मोटा** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 149/2009 U/s 25/54/59 Arms Act. दिनांक 02.09.2009. थानाः क्राईम ब्रॉच, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1.राज कुमार 2.सोमवीर उर्फ मोटा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**रूबी नीरज कुमार**
**एलडी. सीजेएम, (उत्तरी) कमरा नं. 115**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7280/Crime/2025**
**(Court Matter)**

**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी), उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुना नगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 795 एलएचबी एसी कोचों में बेलो डक्ट को मेटा अरामिड फैब्रिक बेलो डक्ट से बदलना। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | द्वितीय पैकेट सिस्टम |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 28.06.2025 प्रातः 11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 06.06.2025 16:32 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 18,16,97,957.55/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 10,58,500/- | ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग– I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 18 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 14.06.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 28.06.2025 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

क्रमांक 56-डब्ल्यू/इलेक्ट/24–25/टी/06/आर एस पि/मेटा आर्मिदे 1691/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पेचकस लेकर एटीएम तोड़ने पहुंचे बच्चे, मशीन से छेड़छाड़ करने पर बैंक के हेडक्वार्टर में अलॉर्म बजा

■ रेकी कर वारदात ■ शुक्रवार अल सुबह 2:15 बजे एटीएम का ताला तोड़ा ■ पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

शहर में शनिवार अलसुबह जीटी रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ोदा के एटीएम को तीन बालकों द्वारा तोड़ने का असफल प्रयास करने का समाचार है। इन बच्चों की उम्र 13-14 साल के आसपास है और यह तीनों बच्चे कूड़ा बीनने का काम करते हैं। जैसे ही बच्चों ने एटीएम को तोड़ने की कोशिश की तो बैंक के हैड क्वार्टर में अलार्म बज गया और सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुलाया गया। टीम ने फिंगर प्रिंट लिए हैं। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिग आरोपियों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में काबू कर लिया है। काबू किए गए तीनों नाबालिगों को किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत जुवेनाइल कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार अलसुबह करीब सवा 2 बजे तीन बच्चे जीटी रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर बने एटीएम रूम में घुसे। इन युवकों ने पेचकस आदि से एटीएम मशीन को तोड़ने का प्रयास किया। जिस समय यह घटना हुई, उस समय एटीएम पर कोई गार्ड तैनात नहीं था। हालांकि, थोड़ी दूर ही अन्य बैंक के एटीएम में सिक्योरिटी गार्ड तैनात था, मगर उसे किसी तरह का शोर सुनाई नहीं दिया। पुलिस के आने के बाद ही उसे मामले का पता चला। हालांकि, हेड क्वार्टर का अलार्म जरूर बजा, जिसके बाद पुलिस आई। तीनों बच्चों से एटीएम से रुपए नहीं निकाल पाए। इसके बाद पुलिस के आने की भनक लगने के साथ तीनों बच्चे वहां से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस तीनों बच्चों की तलाश में जुट गई। पुलिसकर्मियों ने बैंक अधिकारियों के पास रात को ही फोन किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। सुबह होने के बाद बैंक अधिकारी बैंक परिसर में पहुंचे। इसके बाद मामले की पूरी डिटेल ली गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर इन बच्चों की तलाश की। शहर थाना फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओम प्रकाश ने बताया कि यह घटना रात्रि लगभग 2:15 बजे की है, जब तीन अज्ञात बालक फतेहाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के एटीएम का ताला तोड़कर भीतर घुस गए और चोरी का प्रयास करने लगे। बैंक परिसर में लगे सुरक्षा अलार्म सिस्टम के सक्रिय होते ही पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली।

■ पुलिस ने एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से बच्चों तक पहुंची, तीनों की उम्र 13 से 14 साल के बीच



**फतेहाबाद।** शहर के जीटी रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम।

### पुलिस ने एक घंटे में पकड़ा, परिजनों के उपस्थिति में हिरासत में लिया

महज एक घंटे के भीतर तीनों नाबालिगों को उनके परिजनों की उपस्थिति में हिरासत में लिया गया। एसएचओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीनों नाबालिगों ने बैंक एटीएम में चोरी की पूर्व-नियोजित योजना के तहत घुसपैठ की थी। हालांकि, बैंक की मजबूत सुरक्षा प्रणाली और पुलिस की तत्परता के कारण वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि मामले की तकनीकी जांच भी जारी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस घटना के पीछे कोई अन्य व्यक्ति या संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

## रेवाड़ी में चलती रोडवेज बस में आग लगी




**रेवाड़ी।** सुरक्षित सफर की उम्मीद के साथ रोडवेज बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की जान खतरे में नजर आ रही है। शनिवार को बावल क्षेत्र के गांव खंडोड़ा के लिए जा रही हरियाणा रोडवेज बस में आग लग गई। बस में आग लगते ही ड्राइवर व कंडेक्टर ने यात्रियों को तुरंत बाहर निकाला और पास के प्राइवेट अस्पताल से अग्निशमक यंत्र लेकर आग पर काबू पाया।

## दिव्यांश का यूएस के यूनाइटेड स्पेस स्कूल में चयन



**तरावड़ी।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र दिव्यांश कौशिक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। दिव्यांश का चयन अमेरिका के ह्यूस्टन, टेक्सास में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित यूनाइटेड स्पेस स्कूल कार्यक्रम के लिए हुआ है। दिव्यांश का चयन कठिन चयन प्रक्रिया के बाद हुआ, जिसमें अकादमिक प्रदर्शन, वैज्ञानिक प्रोजेक्ट्स, साक्षात्कार और अनुशंसा पत्रों का मूल्यांकन किया गया। यह कार्यक्रम फाउंडेशन फॉर इंटरनेशनल स्पेस एजुकेशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें विश्व भर से चुनिंदा होनहार विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाता है ताकि वे नासा के वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष यात्रियों और इंजीनियरों के मार्गदर्शन में अंतरिक्ष मिशन पर कार्य कर सकें। दिव्यांश इस कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा और अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के साथ मिलकर मंगल ग्रह पर मानव मिशन की रूपरेखा तैयार करेगा। यह अनुभव उसे वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक सोच विकसित करने में मदद करेगा।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियारों सहित तीन युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने व उपलब्ध करवाने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपियों को 3 देसी कट्टा सहित व हथियार उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 जून को क्राईम ब्रांच सेक्टर.48 की टीम ने अपने गुप्त सुत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अबजद वासी गांव गिजोली जिला हाथरस उत्तर प्रदेश हाल आदर्श कॉलोनी को राहुल कॉलोनी, फरीदाबाद से देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है, साथ ही सलमान निवासी आदर्श नगर को इसी मामले में अवैध हथियारों प्राप्त करने के मामले में गिरफ्तार किया है।

### नशीले पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** गांजा रखने के आरोप में क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने आरोपी शिवम व राधे श्याम को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 जून को क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से गांजा लेकर आने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवम वासी भगेला पुख्ता जिला कासगंज हाल भारत कॉलोनी व राधेश्याम वासी भारत कॉलोनी,फरीदाबाद को 7 किलो 165 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

## एचटेट अभ्यर्थी ऑफलाइन भी कर सकेंगे आवेदन में शुद्धि

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने कहा कि शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट परीक्षा-2024 के पंजीकरण उपरान्त अभ्यर्थियों को विवरणों में ऑनलाइन शुद्धि के लिए निःशुल्क अवसर दिया गया था। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के हित के दृष्टिगत शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट परीक्षा-2024 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को विवरणों में शुद्धि के लिए एक ओर अवसर प्रदान किया गया, ऐसे अभ्यर्थी जिन द्वारा अपने नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, ई-मेल, लिंग, फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे के निशान, लेवल, जाति, श्रेणी, विषय, परीक्षा स्थान व आधार नम्बर में संशोधन/शुद्धि करवाई जानी है। उन्होंने कहा कि 9, 10 व 12 जून को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर शुद्धि शुल्क सहित ऑफलाइन माध्यम से आवेदन जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एचटेट परीक्षा-2024 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थी एचटेट का केवल अतिरिक्त लेवल अपने पंजीकरण में जोड़ना/बढ़ाना चाहते हैं तो ऐसे अभ्यर्थी 9 से 12 जून तक बोर्ड की वेबसाइट पर दिए लिंक के माध्यम से फीस के अंतर को जमा करवाते हुए ऑनलाइन कर सकते हैं।

■ 9 से 12 जून तक एचटेट का केवल अतिरिक्त लेवल पंजीकरण में जोड़ सकते हैं ऑनलाइन

**परीक्षा का शेड्यूल :** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा(एचटेट)-2024, लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन 26 व 27 जुलाई शनिवार-रविवार को करवाया जा रहा है। 26 जुलाई को लेवल-3 एवं 27 जुलाई को लेवल-2 व लेवल-1 की परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में जुटा हुआ है।

## वाहन चालकों से रिश्वत लेने वाला एसआई सस्पेंड

**पानीपत।** पानीपत में उत्तर प्रदेश की सीमा से पशु लदे वाहन चालकों से अवैध वसूली करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सब इंस्पेक्टर सूबे सिंह को पद से निलंबित कर दिया। जबकि हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत पुलिस विभाग में वाहन चालक नियुक्त हुए हीरा लाल को सेवा मुक्त कर दिया। एसपी सिंह ने सनौली रोड पर यूपी की सीमा के पास वाहन चालकों से अवैध वसूली किए जाने के मामले की जांच समालखा के डीएसपी नरेंद्र सिंह को सौंपी गई है। दूसरी ओर, एसपी सिंह के निर्देश पर उन वाहन चालकों पुलिस तलाश कर रही है जिनसे रिश्वत वसूली गई, इन वाहन चालकों से रिश्वत लिए जाने की शिकायत लेकर आरोपी सब इंस्पेक्टर सूबे सिंह व हीरा लाल पर अपराधिक आरोपों में केस भी दर्ज करवाया जाएगा।

### पशु व्यापारियों से रिश्वत लेने के आरोप में फंसा

गोरक्षकों दीपक और मंथन शर्मा ने हरियाणा-उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर पशु मेले में भैंस ले जा रहे कैंटर ड्राइवरों के साथ मिलकर स्टिंग किया था। गोरक्षकों ने बताया कि उत्तर प्रदेश बॉर्डर से दो किलोमीटर पहले पानीपत की सीमा में अवैध वसूली शुरू हुई। वहां पुलिस ने गाड़ियों को 300-300 रुपए लेकर आगे भेजा। टोल प्लाजा पार करने के बाद 150 मीटर दूर खड़े डायल 112 के कर्मचारियों ने दोबारा ड्राइवरों से 300-300 रुपए मांगे। कैंटर ड्राइवरों ने रुपए न होने की बात कही तो पुलिसकर्मियों ने धमकी दी कि भैंसों को गाय बनाने में एक मिनट ही लगेगा। हाथ जोड़ने पर 100-100 रुपए में तीन गाड़ियों को यूपी जाने दिया। इधर, स्टिंग का वीडियो डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स के सरकारी नंबर के मोबाइल फोन पर भेजा गया था। वहीं यह वीडियो देखने के बाद एसपी भूपेंद्र ने एसआई सूबे सिंह को पद से निलंबित किया और चालक हीरालाल के पुलिस विभाग में वाहन चालक के पद से सेवा मुक्त कर दिया।

## प्रदेश में कम हो रहा अपराधों का ग्राफ साइबर क्राइम में 49% तक कमी : डीजीपी

■ अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर काम कर रही पुलिस : कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

प्रदेश के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि गत 15 वर्ष के दौरान प्रदेश में वर्ष 2014 में आपराधिक मामलों में काफी कमी आई है। इस साल पहले पांच माह में गत वर्ष के पहले पांच माह की तुलना में अपराध कम हुए हैं। साइबर अपराध में 49 फीसदी की कमी आई है, जबकि ठगी की रकम भी 50 फीसदी तक कम दर्ज की गई है। डीजीपी शनिवार सायं जिले के अधिकारियों से समीक्षा बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश व समाज के विरुद्ध हरियाणा पुलिस सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देश पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। बीते साल प्रदेश में सभी तरह के अपराधों में कमी दर्ज की गई। इस साल मई माह तक भी अपराधों का ग्राफ कम रहा है। महिला अत्याचार के मामलों में 50 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई है।

इसमें और कमी लाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अपराधों पर अंकुश लगाने में ईआरवी महत्वपूर्ण रोल अदा कर रही है। ईआरवी पर तैनात जवान सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच रहे हैं, जिससे अपराधों पर नियंत्रण पाया जा रहा है। नशामुक्त भारत के पीएम मोदी के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि यह अभियान पूरे देश में चल रहा है। प्रदेश में इस अभियान को सफल बनाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

■ रेवाड़ी में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेने के बाद पत्रकारों से की बातचीत



### हिसार में मिली चिट्ठी साइबर ठगों की चाल

गत दिनों हिसार में मिली वर्षों से लापता बच्चों के मामले गुमनाम चिट्ठी पर डीजीपी ने स्पष्ट किया कि यह साइबर ठगों की चाल है। साइबर ठगों ने लापता लोगों के परिजनों से पैसा ऐंठने के लिए उन्हें भावनात्मक तरीके से ठगी का शिकार बनाने का प्रयास किया है। पुलिस लापता लोगों को तलाश करने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। विशेष सेल 20 साल तक से लापता लोगों को उसने परिजनों से मिलाने का कार्य कर चुकी है। उन्होंने कहा कि हिसार में मिली चिट्ठी से लापता लोगों के परिजनों को भावनात्मक तरीके से गुमराह करते हुए पैसा ऐंठने की चाल मात्र है।

## फरीदाबाद में दो एकड़ पर बनेगी मल्टीलेवल पार्किंग

**फरीदाबाद।** सबसे व्यस्त एक नंबर की मार्केट में पार्किंग की समस्या को खत्म करने के लिए नगर निगम ने योजना बनाई है। योजना के अनुसार संतों के गुरुद्वारा के पास नगर निगम की दो एकड़ से अधिक जमीन है। इसी जमीन पर बहुमंजिला पार्किंग बनेगी। दो मंजिल बेसमेंट व तीन ऊपर होंगी। यहां 600 से अधिक कार खड़ी हो सकेंगी। इस पार्किंग को बनाने की सिफारिश बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा ने की है। इसके बाद विधायक शनिवार को नगर निगम के मुख्य अभियंता विवेक गिल, अधीक्षण अभियंता ओमबीर सहित अन्य अधिकारियों को लेकर साइट पर गए। वहां देखा गया कि कोई अड़चन तो नहीं है और इस योजना को कैसे धरातल पर उतारना है।इस योजना के बाद न केवल एक नंबर मार्केट में जाम का समाधान होगा बल्कि यहां ग्राहकों की संख्या और बढ़ेगी। जिससे दुकानदारों को लाभ होगा। विधायक ने कहा कि दुकानदारों की लंबे समय से मांग चली आ रही है। फरीदाबाद के बड़े बाजारों में अभी तक निगम की तरफ से कोई बड़ी पार्किंग नहीं बनाई गई है।

■ 600 से अधिक कार व अन्य वाहन खड़े हो सकेंगे

## आठ दिन से पाइप में पैसे बिल्ली के बच्चे को किया रेस्क्यू



**फतेहाबाद।** जीव रक्षा के लिए काम कर रही गोपुत्र सेना व पाव एण्ड प्रिंट रेस्क्यू टीम ने एक और सराहनीय काम करते हुए बिल्ली के एक मासूम बच्चे की जान बचाई है। शहर के हुडा सैक्टर में एक घर में पानी निकासी की पाईप में बिल्ली का एक बच्चा पिछले 8 दिनों से फंसा हुआ था। परिवार वालों ने नगर परिषद, वार्ड के पार्षद, वन्य विभाग हर जगह इस बारे सूचना दी, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की।

अंत में जाकर परिवार ने गौपुत्र सेना व पाव एण्ड प्रिंट रेस्क्यू टीम को इस बारे जानकारी दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम डॉ. प्रवीण सोनी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। परिस्थिति को काफी नाजुक जानकार टीम के सदस्यों ने भी जल्दबाजी ना करने का फैसला लिया। प्रवीण सोनी, विकास नायक, बजरंग व निखिल ने यहां कड़ी मशक्कत करके फर्श को तोडक़र तथा दो फुट गहरा गड्ढा बनाया और बिल्ली के उस बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान उस बच्चे की मां (बिल्ली) वहीं अपने बच्चे के इंतजार में बैठी रही। डॉ. प्रवीण ने रेस्क्यू किए गए बिल्ली के बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया तथा उसकी मां के पास सुरक्षित छोड़ दिया।

### करनाल में मोबाइल विक्रेता की शॉप पर फायरिंग कर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप

## हिसार में एसटीएफ व बदमाशों में मुठभेड़ पांच गिरफ्तार, गोली लगने से दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव सीसवाला के पास एसटीएफ टीम व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को काबू कर लिया गया। इनमें से दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जबकि तीन अन्य बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है। सदर थाना पुलिस ने पांच आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों के तार करनाल में पिछले दिनों फायरिंग करके एक मोबाइल शोरूम संचालक से रंगदारी मांगने से जुड़े हुए हैं और इसी मामले में एक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम इनका पीछा कर रही थी।

■ घायल बदमाश अस्पताल में उपचाराधीन

■ आरोपियों से तीन पिस्तौल व कई कारतूस बरामद

### पुलिस पर की फायरिंग

बताया जा रहा है कि करनाल में पर्ची फेंककर मोबाइल शॉप व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में एसटीएफ टीम को शनिवार को सूचना मिली थी कि मामले के आरोपी एक गाड़ी में भिवानी रोहिल्ला—सीसवाला रोड पर कहीं जा रहे हैं। सूचना के बाद एसटीएफ टीम की दो गाड़ियां इन पांचों युवकों के पीछे लग गई। अचानक गाड़ी पलटने से ये युवक गाड़ी से निकलकर भागने लगे तो एसटीएफ टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि इस दौरान भाग रहे युवकों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों व तीन अन्य को काबू कर लिए। घायलों में बालसमंद के राहुल और आर्यन शामिल है।


हिसार। गोली लगने से घायल बदमाशों को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंची एसटीएफ।

### सदर थाना में केस दर्ज

इस संबंध में एसटीएफ के उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने सदर थाना में शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार बालसमंद निवासी आर्यन व राहुल उर्फ गब्बू, रावलवास कलां निवासी अंकित, सरसाना निवासी अमित तथा रावलवास कलां निवासी अंकित व वेदप्रकाश उर्फ रामचन्द्र ने अवैध हथियारों से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करके जानलेवा हमला किया और सरकारी ड्यूटी में बाधा डाली।

### ये हथियार हुए बरामद

मुठभेड़ व इस दौरान बदमाशों की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से 32 बोर का एक अवैध पिस्तोल, 9 एमएमए का एक पिस्तोल, 38 बोर का एक पिस्तोल, 32 बोर के चार जिंदा कारतूस, 9एमएम का एक जिंदा कारतूस व 38 बोर के तीन 3 जिंदा कारतूस बरामद किए।

### फायरिंग करने के बाद दुकान में फेंकी थी पर्ची

पुलिस के अनुसार करनाल जिले में चार दिन पूर्व कुछ बदमाशों ने मोबाइल शॉप पर हवाई फायर कर एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी। करनाल के व्यापारियों ने एसपी गंगाराम पूनिया से मिलकर आरोपियों के पकड़ने की मांग की थी। आरोपी दो बाइक पर सवार होकर मोबाइल शॉप पर आये थे। आरोप है कि उस समय इन बदमाशों ने गोलियां चलाते हुए दरवाजा खोलकर पर्ची फेंककर एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी, जिसका केस करनाल पुलिस ने दर्ज किया था। पुलिस को सूचना मिली कि इन आरोपियों के तार इस रंगदारी मांगने के मामले से जुड़े हो सकते हैं। इसपर एसटीएफ ने कार्रवाई की।

## कैथल में बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 55.30 लाख रुपये की ठगी

■ मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

शहर के एक 65 वर्षीय बुजुर्ग डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुआ है। इस बुजुर्ग से अज्ञात आरोपी की ओर से मुंबई में झूठी एफआईआर और सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज का हवाला देने के बाद भय में 55 लाख 30 हजार रुपये गंवा दिए। यही नहीं, आरोपी ने डिजिटल अरेस्ट के दौरान खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उसने यह रुपये मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर ऐंठ लिए। इस दौरान आरोपी ने वाट्सएप पर वीडियो कॉल भी की और उसे फंसाने और उसका फर्जी मोबाइल नंबर का हवाला दे फ्रॉड करने की जानकारी दी। इस मामले में अब साइबर थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना की पुलिस को दी गई शिकायत में चौधरिया मोहल्ला कैथल निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह इलेक्ट्रीशियन है। गत 29 मई को दोपहर पौने एक बजे उसके पास व्हाट्सएप पर संदेश, जिसमें क्राइम ब्रांच मुंबई लिखा हुआ था। इसके बाद उसी नंबर से वीडियो कॉल आई और कॉल करने वाले ने स्वयं को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। ठग ने कहा कि उसके नाम से कोई मोबाइल नंबर जारी हुआ है जिसका प्रयोग फ्रॉड करने में हुआ है। जब उसने मना किया तो आरोपी ने उससे आधार कार्ड मांगा। उसने आधार कार्ड की फोटो भेज दी। आरोपी ने कहा कि उसके बैंक खाते का प्रयोग मनी लान्ड्रिंग में किया गया है जिसके लिए करीब 20 लाख रुपये कमीशन भी लिया है। इस कारण आपके खिलाफ एक एफआईआर दर्ज है। आरोपी ने एफआईआर की फोटो भी भेजी व साथ कुछ सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज भी भेजे। ठग ने कहा कि 30 मई को कोर्ट ने उसे तीन दिन का समय दिया गया है, जिसमें बैंक खातो में जमा राशि व अन्य राशि को चैक किया जाएगा कि उसमें कोई मनी लानड्रिंग का रुपया तो नहीं है। 31 मई को आरोपी ने 23 लाख रुपये जमा करवाने के लिए एक दस्तावेज भी भेजा। उसने 23 लाख रुपये बैंक जाकर आरटीजीएस के माध्यम से उपरोक्त खाते में भेज दिए। एक जून को आरोपी ने फिर से वीडियो कॉल की और कहा कि 21 लाख जमा करवा दे। उसने रुपये जमा करवा दिए। फिर आठ लाख 50 हजार रुपये और भेजने बारे एक पत्र उसको भेजा गया।

### ठग बोले-72 घंटे में पैसे रिफंड हो जाएंगे

ऐसे में उसके सारे रुपये 72 घंटे में रिफंड हो जाएंगे। उसने चार जून को आरोपी के पास फोन किया तो उसने नहीं उठाया। न ही उसके खाते में उसके रुपये वापस आए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। साइबर थाना प्रभारी सुभ्रांशु ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। अभी शिकायतकर्ता की ओर से बैंक में की गई ट्रांजेक्शन पर जानकारी ली जा रही है। इसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।




पहलगाम में आतंकवादियों ने 22 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इस हमले में आतंकियों ने भारतीय हिन्दू-पुरुषों को निशाना बनाया था। भारत ने इस हमले का जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा जैश-ए-मोहम्मद के साथ द रेसिस्टेंस फ्रंट को ठहराया था। आतंकी हमले के बाद भारत ने 6 और 7 मई की रात 1.05 बजे से लेकर 1.30 तक ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया।

अब बॉर्डर पर आईएएफ फिर करेगी युद्धाभ्यास

# ऑपरेशन सिंदूर को एक महीना पूरा आज भी जख्म भूल नहीं पा रहा पाक

**1** 7 और 8 जून को भारतीय वायुसेना का युद्धाभ्यास

**2** राजस्थान में भारत-पाक बॉर्डर पर होगा अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज से ठीक एक महीने पहले भारतीय सेना ने पाकिस्तान के लिए कयामत की रात ला दी थी, जब भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था।

भारत द्वारा दिए गए इस गहरे घाव की मार पाकिस्तान अभी तक झेल रहा है। इस बीच राजस्थान में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के दक्षिणी क्षेत्र में 7 जून और 8 जून को भारतीय वायुसेना बड़े स्तर पर अभ्यास करने वाली है, जिसे लेकर इंडियन एअरफोर्स ने एअरमेन को नोटिस जारी किया है।

### कब से कब तक आयोजित होगा अभ्यास

यह अभ्यास भारतीय वायुसेना नियमित तैयारियों का एक हिस्सा है, जो सीमा क्षेत्र के निकट हवाई क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, 7 जून को दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा और अगले दिन 8 जून को रात 8.30 बजे समाप्त होगा। इस दौरान अभ्यास में कोई बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए अभ्यास क्षेत्र के ऊपर हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

### 6 मई की रात पाक आतंकियों पर कयामत बरसी थी

बता दें, ऑपरेशन सिंदूर को एक महीने हो चुका है और पाकिस्तान अभी तक इसके सदमे से बाहर नहीं आया है। 6 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले, 6 मई की रात पाकिस्तान के आतंकियों पर कयामत बरसी थी। उन्होंने कहा, अब ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनते ही पाकिस्तान को अपनी शर्मनाक हार याद आएगी। यह ऑपरेशन भारत की सैन्य ताकत और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का प्रतीक है।

### 25 मिनट का था ऑपरेशन

पहलगाम में आतंकवादियों ने 22 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इस हमले में आतंकियों ने भारतीय हिंदू पुरुषों को निशाना बनाया था। भारत ने इस हमले का जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा , जैश-ए-मोहम्मद के साथ द रेसिस्टेंस फ्रंट को ठहराया था। आतंकी हमले के बाद भारत ने 6 और 7 मई की रात 1.05 बजे से लेकर 1.30 तक ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। ऑपरेशन सिंदूर 2016 सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 बालाकोट एअरस्ट्राक के बाद भारत का आतंकियों पर तीसरा बड़ा हमला था।

### भारत ने पाकिस्तान पर क्या-क्या कार्रवाई की?

- 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया।
- यह संधि 1960 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुई थी, जिसमें सिंधु नदी के पानी का बंटवारा हुआ था।
- सिंधु जल संधि के अनुसार, पाकिस्तान को नदी का 80% पानी मिलता था।
- संधि निलंबित करने के बाद पाकिस्तान में पानी की कमी होने लगी।

---

टॉयलेट में जन्म देने के बाद भागी मां

## महू के मध्य भारत अस्पताल में नवजात को कुत्ते खा गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू

यहां के मध्य भारत अस्पताल के शौचालय में एक नवजात का क्षत-विक्षत शव मिला है। शरीर का आधा हिस्सा कुत्ते खा गए। मरीजों के परिजन सुबह शौचालय में पहुंचे, तब उन्हें शव दिखा।

कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे की है। एक युवती ने अस्पताल के शौचालय में बच्ची को जन्म दिया और उसे वहीं छोड़कर चली गई। शनिवार सुबह मरीजों के परिजन ने देखा कि कुत्ते शौचालय में पड़े नवजात का शव खा रहे हैं। अस्पताल की महिला गार्ड ने

मां...मेरा क्या कसूर था?

शव का आधा हिस्सा ही मिला

कुत्तों को भगाया और अस्पताल प्रभारी को सूचित किया। अस्पताल प्रभारी एचआर वर्मा के अनुसार, बच्ची के शव का ऊपरी हिस्सा गायब था। अस्पताल प्रभारी वर्मा का कहना है कि कई बार छावनी परिषद को आवारा कुत्ते पकड़ने को लेकर शिकायत की।

सीसीटीवी में शुक्रवार-शनिवार की रात करीब ढाई बजे एक संदिग्ध युवक और नाबालिग लड़की बाइक से अस्पताल आते दिख रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार संदिग्ध युवक ने ओपीडी काउंटर पर पर्ची भी कटाई। इसमें नाबालिग की उम्र 17 साल बताई है। युवक ने लड़की के पेट में दर्द की बात कही थी। इसके बाद अंदर चले गए। आशंका है कि प्रसव के बाद यहीं से युवक और लड़की वापस गए थे।

भारत से 'पिटा' पाक पहुंचा चीन

## थोक के भाव खरीद रहा फाइटर जेट्स और जासूसी विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान और चीन की दोस्ती किसी से छिपी हुई नहीं है। भारत के साथ जब पिछले दिनों पाकिस्तान तनाव की स्थिति में था, तब भी चीन ने उसका खुलकर समर्थन किया था।

चीनी फाइटर जेट्स, एयर डिफेंस सिस्टम आदि के जरिए ही पाकिस्तान ने भारत से दो-दो हाथ करने की कोशिश की थी, लेकिन बुरी तरह विफल रहा था। भारत से पिटने के बाद अब पाकिस्तानी वायुसेना के पायलट भागे-भागे चीन पहुंचे हैं।



**चीन के फाइटर जेट की हो चुकी है किरकिरी**

पाक ने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर बताया है कि वह चीन से जे-35 फाइटर जेट्स, केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट और एचक्यू-19 बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने जा रहा है। एयर डिफेंस सिस्टम और फाइटर जेट आदि को मार गिराया था। इससे चीन की भी काफी थू-थू हुई थी।

### लॉस एंजिल्स में आव्रजन छापे में 44 लोगों की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू

**कैलिफोर्निया।** संघीय आव्रजन अधिकारियों द्वारा शहर में कम से कम 44 लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में पूरे शहर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जिसके बाद पुलिस को सड़कों पर विरोध जताने वाली भीड़ को तितर-बितर करने के लिए धुंआधार बम और फ्लैश बैंग फेंकने पड़े। होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन की प्रवक्ता यास्मीन पिट्स ओ'कीफ के अनुसार, इमिग्रेशन और कस्टम्स इंफोर्समेंट के अधिकारियों और एजेंटों ने तीन स्थानों पर तलाशी वारंट जारी किए। लगभग 44 लोगों को प्रशासनिक रूप से गिरफ्तार किया गया, और एक व्यक्ति को बाधा डालने के लिए गिरफ्तार किया गया। जांच अभी भी जारी है, अपडेट उचित रूप से जारी किए जाएंगे, ओ'कीफ ने कहा। आप्रवासी वकालत समूहों ने दावा किया कि सात स्थानों पर गिरफ्तारियां की गईं।

मस्क ने डिलीट किए 'एप्सटीन फाइल्स' वाले ट्वीट

## ट्रंप की नाराजगी के आगे झुके एलन मस्क

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच विवाद में नया मोड़ सामने आया है। दरअसल, मस्क ने ट्रंप को लेकर किए गए अपने कई पोस्ट को डिलीट कर दिया है। इसमें एक पोस्ट में मस्क ने दावा किया था कि ट्रंप का नाम जेफ्री एप्सटीन की फाइलों में है, और यही कारण है कि वो फाइलें सार्वजनिक नहीं हो पा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क के बीच उपजा विवाद शायद खत्म होने की ओर बढ़ रहा है। दरअसल, टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप को लेकर किए अपने कई पुराने ट्वीट्स डिलीट कर दिए हैं। मस्क ने हाल ही में एक्स पर ट्रंप को लेकर की गई कई व्यक्तिगत टिप्पणियों वाले पोस्ट को डिलीट कर दिया है। इनमें से एक विवादित ट्वीट में उन्होंने दावा किया था कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम जेफ्री एप्सटीन की फाइलों में है, और यही कारण है कि वो फाइलें सार्वजनिक नहीं हो पा रही हैं।



### 380 अरब डॉलर गंवाए

एक वक्त ट्रंप के सबसे बड़े समर्थक रहे एलन मस्क अब उनके सबसे बड़े आलोचकों में से एक हो गए हैं। मस्क सार्वजनिक तौर पर ट्रंप की आलोचना कर रहे हैं और ट्रंप ने भी सार्वजनिक तौर पर पलटवार किया है। ट्रंप ने टेस्ला और स्पेसएक्स को मिलने वाले सरकारी ठेकों को बंद करने की धमकी दी है। जिससे मस्क को भारी नुकसान की आशंका है। साथ ही ट्रंप से भिड़ने के बाद मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टेस्ला के शेयरों में गिरावट से जनवरी से अब तक मस्क को करीब 380 अरब डॉलर (करीब 32 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान उठाना पड़ा है।

## ताइवान के चाओयांग विवि से प्रोफेसर अच्युत सामंत को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**भुवनेश्वर।** शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और कीट-कीस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत को ताइवान के चाओयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीडब्ल्यूयूटी) ने मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की है। शनिवार को आयोजित विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में प्रोफेसर अच्युत सामंत को औपचारिक रूप से यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई। गौरतलब है कि यह प्रोफेसर अच्युत सामंत की 68वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है। प्रोफेसर अच्युत सामंत को शिक्षा के माध्यम से समाज के विकास में उनके उत्कृष्ट व अभूतपूर्व योगदान के लिए इस मानद डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित किया गया है। इसके लिए सीडब्ल्यूयूटी की अकादमी परिषद और प्रबंधन बोर्ड ने प्रोफेसर अच्युत सामंत के नाम की अनुशंसा की और सर्वसम्मति से प्रोफेसर अच्युत सामंत को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देने का निर्णय लिया। वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान प्रोफेसर अच्युत सामंत ने आभार प्रदर्शन में चाओयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों को एक ओजस्वी भाषण दिया जिसमें उनकी असाधारण कामयाबी का श्रेय उनके पुरुषार्थ, तपस्वी और त्यागमय जीवन को जाता है। सम्मान प्राप्त करते हुए प्रोफेसर सामंत ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पिछले तीन दशकों से अधिक समय से शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अथक परिश्रम कर रहे हैं। यह पुरस्कार भविष्य में उन्हें शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा, प्रोफेसर अच्युत सामंत ने कहा। इस समारोह में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ताओ-मिंग चेंग सहित कई गणमान्य मेहमान, विद्वान और छात्र आदि उपस्थित थे।



## रिलायंस डिजिटल का 'शॉप एंड विन' 30 करोड़ तक के इनाम

**मुंबई।** इंडिया के लीडिंग इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल अपने आकर्षक शॉप एंड विन अभियान के लॉन्च के साथ आपके शॉपिंग अनुभव को बनाने वाले हैं थोड़ा और मज़ेदार, यहां आपको मिलेगा एक ऐसा मौका जहां हर खरीदारी पर आप जीतेंगे बड़े इनाम। 31 अगस्त तक, रिलायंस डिजिटल स्टोर्स, माय जियो स्टोर्स और reliancedig-ital. in पर ऑनलाइन खरीदारी करने वाले ग्राहकों को रू. 30 करोड़ तक के इनाम जीतने का मौका मिलेगा, जिसमें 25 कार, 40 बाइक, 450+ इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स, लैपटॉप और वॉशिंग मशीन खरीदने वालों के लिए निश्चित उपहार शामिल हैं। इसके अलावा, 15 जून तक ICICI बैंक कार्ड्स का उपयोग करके रुपये 15000 तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठाएं. लैपटॉप खरीदने वालों को रुपये 1 करोड़ के प्राइज़ पूल से स्कॉलरशिप जीतने का भी मौका मिलेगा। मौका न चूकें, आज ही शॉपिंग करें और हर खरीदारी को जीत में बदलें।

- शॉपिंग अनुभव को अच्छा और मज़ेदार बनाने के लिए उठाया कदम, ढेर सारे इनाम जितने का मिलेगा मौका

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सीबीआई को सौंपा जा सकता है लापता दंपति का केस

**इंदौर।** हनीमून पर इंदौर से मेघालय के शिलांग गए नवविवाहित जोड़े के लापता होने का केस सीबीआई को दिया जा सकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने शिलांग में मौजूद सोनम के भाई गोविंद से फोन पर बात की और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रघुवंशी समाज का प्रतिनिधिमंडल शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात करने के लिए पहुंचा था। मुलाकात के दौरान इस केस को सीबीआई को सौंपने को लेकर भी बात हुई।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

यात्रियों ने पीएम मोदी का जताया आभार, 12 घंटे का सफर सिर्फ 3 घंटे में

## आम लोगों के लिए शुरू हुई कश्मीर की पहली वंदे भारत ट्रेन, यात्रियों के खिले चेहरे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटरा से श्रीनगर आने वाले यात्री महेश कुमार ने कहा, यह सभी यात्रियों, पर्यटकों, यहां तक कि काम के लिए आने वाले लोगों के लिए एक बढ़िया सुविधा है। यह हवाई जहाज का एक अच्छा विकल्प है क्योंकि हवाई जहाज से भी उतना ही समय लगता है।

यह श्रीनगर और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने की एक बेहतरीन पहल है। सरकार ने बहुत बढ़िया काम किया है। इससे पर्यटन में काफी इजाफा होगा। इससे बच्चों और महिलाओं के लिए यात्रा करना और भी ज्यादा सुविधाजनक हो जाएगा।

### यह होगा वंदे भारत ट्रेन का शेड्यूल

*पहली ट्रेन (26041) श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी और 10 बजे बनिहाल पहुंचेगी। इसके बाद 11 बजकर 10 मिनट पर यह ट्रेन श्रीनगर पहुंचेगी। इसी तरह दूसरी ट्रेन (26403) श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर खुलेगी। यह बनिहाल होते हुए शाम को 6 बजे श्रीनगर पहुंचेगी।*






### पीएम मोदी ने हमारा कई वर्षों का सपना पूरा किया: यात्री

*वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटड़ा जा रही यात्री नीतू कपूर ने कहा, "हमें उम्मीद थी कि एक दिन कश्मीर में भी वंदे भारत ट्रेन चलेगी। यह हमारा कई वर्षों का सपना था और पीएम मोदी ने आखिरकार इसे पूरा कर दिया है। वंदे भारत से कश्मीर में बहुत लाभ होगा।*


### कितना होगा किराया?

सभी शुल्कों सहित श्रीनगर से कटड़ा के बीच चेयर कार का किराया 715 रुपए होगा, जबकि एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए निर्धारित किया गया है।

### यात्री बोले- सड़क से सफर में लगता था 12 घंटा, अब लग रहे महज 3 घंटे

कटड़ा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस से रवाना हुए सैलानियों ने अपनी यात्रा को बहुत ही शानदार और अद्भुत बताया शनिवार को कटड़ा से चली ट्रेन में देश-विदेश से आए पर्यटक सवार हुए। शुक्रवार को ही पीएम मोदी ने एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी. सैलानियों ने इस दौरान हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए. यात्रा करने वाले लोगों ने कहा पहले सड़क से 12 घंटे लग जाते थे, अब महज 2 से 3 घंटे में ही श्रीनगर पहुंच रहे हैं। इशिका शर्मा ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन में मेरा पहला सफर है, मैं बहुत उत्साहित हूं। सड़क से सफर करने के दौरान हम थक जाते थे, वंदे भारत से समय की बचत होगी और इस दौरान शरीर को भी आराम मिलेगा। इन सबके लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में इतना अच्छा विकास किया है।

### शब्द पहेली - 5891




**बाएँ से दाए**
1.सरदार,अगुआ-4
5.जनमत,एक राय-4
9.पुराना जुकाम-3
10.चिंता,परवाह-3
12.पैंदा,तल्ला-2
14.ताल,सुर,आलाप-2
15.महोदय (अंग्रेजी-2)
16.लाडला,दुलारा-2
17.निवास करना-3
19.डोली उठाने वाले-3
21.नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22.तड़फाना-4
24.जल में रहनेवाला-4
25.दरियादिल,करुण-5
26.इराक की राजधानी-4
29.भेंट,पुरस्कार-4
33.पासों से भविष्य देखना-3
34.अश्ववाहक,घुड़सवार-3
36.चौकसी,रखवाली-3
37.हलक,कंठ-2
38.सदैव-2
39.लार -2
42.निश्चित-2
42.कालीन-3
43.बंदर,मर्कट-3
45.किसान-4
46.इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2.क्रिकेट में बनते हैं-2
3.नगमा,गीत (उर्दू-3)
4.जो लायक न हो-4
5.अधिकारी,अफसर-4
6.राशिचक्र की एक राशि -3
7.झगड़ा,बैर-2
8.आदत,व्यवहार-4
11.शमशीर-4
13.तरंग,हिलोर-3
16.तृष्णा,लोभ-3
18.अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20.जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21.नीर,पानी-2
23.देवर्षि-3
24.ईर्ष्या,डाह-3
26.वटवृक्ष-4
27.जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28.दलहन-2
30.मंत्र जाप-2
31.तसल्ली,आराम-3
32.भगवान विष्णु-4
34.धर्मशीलता-4
35.पैजामा-4
38.तमीज-3
40.साजन,प्रेमपात्र-3
42.पहरा,चौकसी-2
44.अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5890 का हल**





# लोकसभा अध्यक्ष ने कहा- आतंकवाद और एआई पर मिलकर करना होगा काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम की बैठक में आयोजित की गई थी जिसमें भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने किया। फोरम के समापन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में इस आयोजन की सफलता और सार्थकता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाले देश की संसद, सरकार और जनता के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान ब्रिक्स देशों के संसदों के बीच सहयोग बढ़ाने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जिम्मेदार उपयोग, और आर्थिक मामलों पर मिलकर काम करने के मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम की बैठक में आर्थिक समावेशन, व्यापार विस्तार और आपसी आर्थिक सहयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई

ब्रिक्स देश आपसी व्यापार विस्तार और आर्थिक सहयोग करेंगे

## एआई के इस्तेमाल में जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी



ब्रिक्स संसदीय फोरम का हुआ समापन

लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन में यह भी स्वीकार किया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग आधुनिक समय की जरूरत है, लेकिन इसके इस्तेमाल में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। ब्रिक्स देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने की सहमति दी। इस बीच आर्थिक समावेशन, व्यापार विस्तार और आपसी आर्थिक सहयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। भारत ने सम्मेलन में विधि के शासन, वैश्विक सहयोग और संवाद को हमेशा प्राथमिकता देने की बात दोहराई।

### अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में होगा

लोकसभा अध्यक्ष ने जानकारी दी कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में होगा और भारत उसकी सफल और सार्थक मेजबानी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत अगले सम्मेलन का एजेंडा तैयार करेगा जिसमें एआई, व्यापार, समाज और आर्थिक मुद्दों पर गहन संवाद शामिल होगा। उन्होंने सभी ब्रिक्स देशों की संसदों के स्पीकर्स और प्रेसिडेंट्स को शुभकामनाएं दीं और कहा कि संसदीय संवाद, अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान रक्षा के जरिए हम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### पहलगाम आतंकी हमले में चीन सहित कई मुस्लिम देश भी भारत के समर्थन में

पाक को बड़ा झटका



ब्रिक्स संसदीय मंच ने भारत के जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इसे भारत, ब्राजील, चीन, दक्षिण अफ्रीका, रूस, ईरान, यूएई, इथियोपिया, इंडोनेशिया और इजिप्ट समेत 10 सदस्यीय देशों ने स्वीकार किया है। पाकिस्तान के लिए यह बड़ा झटका है, क्योंकि उससे सबसे करीबी दोस्त चीन ही नहीं कई मुसलमान देशों ने भी अपनी एकजुटता का समर्थन भारत को दिया है।

**ओम बिरला ने उठाया भारत का पक्ष, सबने दी सहमति**

बिरला ने कहा कि आतंकवाद वैश्विक मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है, जिसे केवल आपसी सहयोग और साझा इच्छाशक्ति से ही खत्म किया जा सकता है। उन्होंने चार ठोस कदमों की वकालत की आतंकी संगठनों की आर्थिक मदद पर रोक, इंटेलिजेंस साझा करने की प्रक्रिया में तेजी, तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के उपाय, जांच और न्याय प्रक्रिया में अंतरराष्ट्रीय सहयोग। बैठक में मौजूद सभी देशों ने उनके विचारों का समर्थन करते हुए इन्हें संयुक्त घोषणा पत्र में शामिल किया।


## खबर संक्षेप

### पीएम 20 जून को ओडिशा राज्य का दौरा करेंगे



**भुवनेश्वर।** पीएम नरेंद्र मोदी 20 जून को ओडिशा पहुंचेंगे और राज्य में भाजपा नीत सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में हिस्सा लेंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि 12 जून को राज्य में भाजपा सरकार के एक साल पूरे हो रहे हैं लेकिन मुख्य समारोह 20 जून को होगा।

### वर्ष 2022 में कोविड से 86.5 लाख मौतें हुईं



**नई दिल्ली।** वर्ष 2022 के दौरान देश में लगभग साढ़े 86.5 लाख लोगों की मौत हुई जो कोविड प्रभावित वर्ष 2021 में हुई 1.02 करोड़ से अधिक लोगों की मौत की तुलना में 15 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट को दर्शाता है। नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के एक नए आंकड़े से यह जानकारी मिली।

### सीएम रेखा गुप्ता को धमकी देने वाला अरेस्ट



**गाजियाबाद।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी देने वाले को दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ की टीम ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शराब के नशे में फोन कर धमकी दी थी। पकड़े गए आरोपी की पहचान श्लोक तिवारी के तौर पर हुई है।

### गोडावण के नवजातों का ऑपरेशन सिंदूर पर नाम



**जैसलमेर।** ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरणा लेते हुए जैसलमेर में विशेष संरक्षण परियोजना के तहत पैदा हुए गोडावण पक्षी के नवजातों का नाम इस ऑपरेशन से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के नाम पर रखा गया है। यहां ग्रेट इंडियन बस्टर्ड चूजों का नाम 'सिंदूर', 'एटम', 'मिश्री', 'व्योम' और 'सोफिया' रखा गया है।

## कांग्रेस नेता ने लगाए संगीन आरोप, भाजपा ने किया पलटवार

# भाजपा ने महाराष्ट्र में चोरी से चुनाव जीता, अब बिहार में मैच फिक्सिंग होगी : राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए नवंबर 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर संगीन आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। राहुल गांधी ने एक लेख में कहा, 'भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी।' उन्होंने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।' इलेक्शन कमीशन ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया। आयोग ने कहा, 'चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।'





### राहुल चुनावी हारों से हताश होकर आरोप लगा रहे हैं : जेपी नड्डा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट' करार दिये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश है और इसलिए ''विचित्र साजिशें रचने का'' आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''वह इसे चरण दर चरण इस प्रकार करते हैं। चरण 1: कांग्रेस पार्टी अपनी हरकतों के कारण चुनाव दर चुनाव हारती है। चरण 2: आत्मनिरीक्षण करने के बजाय, वह विचित्र षड्यंत्र रचते हैं और धांधली का रोना रोते हैं। चरण 3: सभी तथ्यों और आंकड़ों की अनदेखी करते हैं। चरण 4: बिना सबूत के साथ संस्थाओं को बदनाम करते हैं।'

### राहुल गांधी ने ये पांच आरोप लगाए

राहुल गांधी ने कहा, ''चुनाव की चोरी का पूरा खेल! 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था।'' उन्होंने लिखा, ''मैंने अपने लेख में चरण दर चरण विस्तार से बताया है कि कैसे यह साजिश रची गई चरण 1: निर्वाचन आयोग की नियुक्ति करने वाली समिति पर कब्जा किया गया। चरण 2: फर्जी मतदाताओं को सूची में जोड़ा गया। चरण 3: मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए। चरण 4: जहां भाजपा को जिताना था, वहां लक्षित करके फर्जी मतदान कराया गया। चरण 5: सबूतों को छिपा दिया गया।'' गांधी ने कहा, ''ये समझना बिल्कुल मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी बौखलाई हुई क्यों थी। चुनाव में धांधली भी मैच फिक्सिंग की तरह होती है, जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वो भले ही जीत जाए, लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं।

### निर्वाचन आयोग को बदनाम करना बेतुका काम

महाराष्ट्र में पिछले साल हुये विधानसभा चुनाव में धांधली के दावों को खारिज करते हुए निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं से अनुकूल चुनाव परिणाम नहीं मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना पूरी तरह बेतुका काम है। चुनाव आयोग के सूत्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के उस लेख पर जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र राज्य विधानसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' का आरोप लगाया है। सूत्रों ने कहा कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने वाला होता है, जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र की मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।

### झूठ फैला रही कांग्रेस : शिंदे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'लोकसभा चुनावों में जब महाविकास आघाड़ी ने महाराष्ट्र में अच्छा परफोर्म किया, तब राहुल ने कुछ नहीं कहा। उस समय ईवीएम और चुनाव आयोग सही थे। अब वे एक झूठा नैरेटिव फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।'

### कांग्रेस निकालेगी 'मतदाता जागरूकता' जुलूस

**मुंबई (भाषा)।** कांग्रेस 2024 के चुनावों में ''मतों की चोरी की परिपाटी'' की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित कराने के लिए 12 जून को महाराष्ट्र में मशाल जुलूस आयोजित करेगी। पार्टी ने दावा किया कि यह दर्शाएगा कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता दांव पर है। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पाटी (भाजपा)नेता चुनाव आयोग से पूछे गए प्रश्नों का जवाब दे रहे हैं। उन्होंने आश्चर्य जताया कि क्या आगामी बिहार चुनाव के लिए भी इसी तरह के ''चुनाव धोखाधड़ी परिपाटी'' को अपनाने की योजना बनाई जा रही है। सपकाल ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता दांव पर है और लोकतंत्र खतरे में है। जन जागरूकता फैलाने के लिए कांग्रेस 12 जून को पूरे महाराष्ट्र में मशाल जुलूस निकालेगी। सपकाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा मतदान प्रतिशत में संदिग्ध वृद्धि पर गंभीर चिंता जताए जाने के बावजूद कोई जांच शुरू नहीं की गई। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी लगातार संसद के अंदर और बाहर जांच की मांग कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र के मतदाताओं का अपमान किया है : फडणवीस



**नागपुर (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में धांधली किये जाने का दावा कर यहां के लोगों और महिला मतदाताओं का 'अपमान' किया है। फडणवीस ने कहा कि गांधी द्वारा किए गए दावे आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार की उनकी स्वीकारोक्ति के समान हैं। मुख्यमंत्री ने राहुल से अपील की कि वह झूठ बोलकर खुद को ''झूठा दिलासा'' देने से बचें। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर चुनाव में कथित अनियमितता के बारे में चरणबद्ध तरीके से बताया है कि कैसे मतदाता सूची में फर्जी मतदाता जोड़े गए, मतदान प्रतिशत बढ़ा चढ़ा कर दिखाए गए, फर्जी मतदान कराए गए और बाद में सबूत छिपाए गए।

### राहुल को 'हार की काली छाया' से बाहर निकलने की जरूरत : बावनकुले



**नागपुर (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर राज्य विधानसभा चुनावों में धांधली और ''मैच फिक्सिंग'' के आरोप लगाने के लिये निशाना साधते हुए कहा कि जब तक वह ''हार की काली छाया'' से बाहर नहीं निकलेंगे, तब तक उनकी पार्टी आगे नहीं बढ़ेगी। बावनकुले ने राहुल गांधी से आत्मनिरीक्षण करने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता और महा विकास आघाडी (एमवीए)के लोग 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद अति आत्मविश्वास में आ गए और घर-घर जाकर प्रचार करने तथा जनसंपर्क जैसे चुनावी मूल सिद्धांतों को भूल गए। कांग्रेस महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन एमवीए का घटक दल है। बावनकुले ने कहा कि कांग्रेस नेता को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए था।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर पुलिस का आरोप पत्र तय

# पिता-पुत्र को घर से घसीटकर बाहर निकाला और हत्या की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन को पहले उनके घर से खींचकर बाहर निकाला गया और फिर उनके परिवार के सामने कुल्हाड़ी से दोनों की हत्या कर दी गई। पश्चिम बंगाल पुलिस ने अपने 900 पृष्ठ के आरोपपत्र में यह बात कही है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को जंगीपुर अदालत में दायर किए गए आरोपपत्र में तेरह लोगों के नाम हैं।



### आरोपी भागने में कामयाब रहे

आरोपपत्र में यह भी विस्तार से बताया गया है कि हत्या के बाद आरोपी व्यक्ति कैसे भागने में कामयाब रहे। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। मुर्शिदाबाद में आठ से 12 अप्रैल तक हुए सांप्रदायिक दंगे में संपत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचा, जिसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती का आदेश दिया था।

## ईद की नमाज

नई दिल्ली। देशभर में ईद-उल-अजहा त्योहार खुशी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोगों ने 'नमाज' अदा की। ईद-उल-अजहा को ईद उल जुहा, ईद उल बकरा या बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार त्याग और इंसानियत का प्रतीक माना जाता है। इस्लाम धर्म में इसे 'कुर्बानी का त्योहार' भी कहा जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, हर साल ईद की तारीख चांद की स्थिति पर आधारित होती है। जुलहिज्जा की 10वीं तारीख को ईद-उल-अजहा मनाई जाती है।



### सोनिया गांधी ने उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद शिमला के अस्पताल में जांच कराई

**शिमला (भाषा)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद, शनिवार को शिमला के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल ले जाया गया। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. अमन ने बताया कि अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ शिमला की निजी यात्रा पर आईं सोनिया गांधी (78) ने अस्पताल में कुछ जांच कराई और फिर चली गईं। उन्होंने बताया कि उनका रक्तचाप बढ़ गया था, लेकिन सब कुछ सामान्य था। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''गांधी को उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद, अस्पताल ले जाया गया था। यह एक नियमित जांच थी और अब वह घर लौट गई हैं।'

### नड्डा ने मोटापा के लिए तेल की खपत में 10% की कमी लाने के पीएम के आह्वान को दोहराया

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मोटापे को रोकने के लिए तेल की खपत में 10 फीसद की कमी लाने के प्रधानमंत्री के आह्वान को दोहराया है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 के अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने शनिवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस), बेंगलुरु में ''सुरक्षित और स्वस्थ भोजन करके मोटापा रोकें'' विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि मोटापा रोकने से जुड़ी जागरूकता पहल लोगों को गलत आहार आदतों के स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में शिक्षित करने और उन्हें संतुलित, पौष्टिक भोजन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में समय पर उठाया गया एक कदम है।

## भारत में तेजी से बढ़ रहे स्टार्टअप रोजगार के अवसर ला रहे

# भारत में स्टार्टअप की संख्या 1.76 लाख पहुंची, यूनिकॉर्न की संख्या बढ़कर 118

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में स्टार्टअप की दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में देश में रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 1.76 लाख हो गई है। इनमें से 118 स्टार्टअप ऐसे हैं जो यूनिकॉर्न बन चुके हैं यानी उनकी वैल्यूएशन 1 बिलियन डॉलर या उससे ज्यादा है। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत के युवा स्टार्टअप बना रहे हैं और नौकरियों के अवसर ला रहे हैं। यह बीते 11 वर्षों में युवाओं के लिए किए गए प्रयासों का नतीजा है, जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ।

- यूनिकॉर्न स्टार्टअप का वैल्यूएशन 1 बिलियन डॉलर से अधिक
- प्रति स्टार्टअप गारंटी कवर की सीमा बढ़ाकर 20 करोड़ की

### देशभर में 490 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए




1.6 लाख स्टार्टअप से 17.6 लाख लोगों को रोजगार

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पर बताया कि देश में पिछले 11 सालों में 7 नए आईआईटी, 8 नए आईआईएम और 16 नए एम्स संस्थान खोले गए हैं। साथ ही करीब 490 नए विश्वविद्यालय भी देश के कोने-कोने में स्थापित किए गए हैं ताकि उच्च शिक्षा हर युवा तक पहुंच सके। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाय) के तहत 1.6 करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है। वहीं 1.6 लाख स्टार्टअप ने 17.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

### 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर मिला

इसके अलावा, पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत शीर्ष 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर दिए गए हैं। स्टार्टअप्स की फाइनेंसिंग को मजबूत करने के लिए, सरकार ने हाल ही में क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स (सीजीएसएस) का विस्तार किया है। इस योजना के तहत प्रति स्टार्टअप गारंटी कवर की सीमा को 10 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए कर दिया गया है। अब 10 करोड़ रुपए तक के लोन पर 85% और 10 करोड़ से अधिक पर 75% तक की गारंटी दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य भारत को इनोवेशन-आधारित आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाना है। यह योजना स्टार्टअप्स को रिसर्च, डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी में निवेश करने के लिए बेहतर फंडिंग और कम जोखिम का मौका देगी।

## आईसीडीआरआई के सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए शुरुआती चेतावनी प्रणाली बेहद जरूरी



- उच्च शिक्षा प्रणाली में आपदा प्रबंधन से जुड़े कोर्स शामिल हों

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (आईसीडीआरआई) को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के कारण तटीय क्षेत्रों और द्वीपों को गंभीर खतरा है। इन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए मजबूत शुरुआती चेतावनी प्रणाली और बेहतर समन्वय आवश्यक है। इससे समय रहते निर्णय लिए जा सकते हैं और अंतिम छोर तक सही सूचना पहुंचाई जा सकती है। पीएम ने कहा कि विश्व भर में आए कई तूफानों, चक्रवातों ने जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया। पीएम मोदी ने कहा कि इनके बाद भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों में चक्रवात आश्रयों का निर्माण किया।

### एक कुशल कार्यबल जरूरी

पीएम ने बताया कि डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर गठबंधन (सीडीआरआई) अब 25 छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के साथ काम कर रहा है, जहां मजबूत घर, अस्पताल, स्कूल, ऊर्जा और जल सुरक्षा तथा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियां विकसित की जा रही हैं। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए एक कुशल कार्यबल की आवश्यकता है। इसके लिए उच्च शिक्षा प्रणाली में आपदा प्रबंधन से जुड़े कोर्स, मॉड्यूल और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शामिल किए जाने चाहिए। पीएम मोदी ने एक वैश्विक डिजिटल रिपॉजिटरी यानी ऑनलाइन ज्ञानकोष बनाने का प्रस्ताव भी रखा, जहां दुनिया भर की आपदा पुनर्निर्माण से जुड़ी सफल कहानियां हों।

**रूस और यूक्रेन जंग चौथे वर्ष में प्रवेश कर गई है। हाल फिलहाल में इस जंग के खत्म होने के आसार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी रूस व यूक्रेन जंग समाप्त कराने के अपने दावे में बुरी तरह फेल साबित हुए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूरोप के आगे ट्रंप की रणनीति की एक न चली। यहां तक कि यूक्रेन तक ने घास नहीं डाली। ट्रंप के फैसले के बाद अमेरिका के उदासीन होने से नाटो में ही गहरे मतभेद उभर गए हैं। यूरोप जिस शिद्दत से यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ है और अमेरिकी प्रभाव के बिना यूक्रेन ने रूस के खिलाफ ऑपरेशन स्पाइडर वेब को अंजाम दिया है, उसके बाद से स्थिति और उलझ गई है। रूस घायल शेर की तरह हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत में जवाबी हमले की बात कह कर रूस ने बड़ी ताकत से यूक्रेन के अंदर राजधानी कीव तक हमला किया है। यूक्रेन को भारी नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब के चलते ही तुर्किये में प्रस्तावित शांति वार्ता में रूस व यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम पर कोई बात नहीं हुई। अब सवाल है कि आखिर यह युद्ध चलता ही रहेगा? रूस या यूक्रेन में से शांति की पहल कौन करेगा? नाटो का क्या होगा? यूरोप से अलग अमेरिका कहां खड़ा है? क्या ट्रंप पुतिन को मना पाएंगे? जंग जारी रखने में यूरोप को क्या फायदा है? इन्हीं सब सवालों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# खतरनाक मोड़ पर यूक्रेन बनाम रूस जंग



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार


> **युद्ध के मैदान में यूक्रेन की सेना रूस की सेना के मुकाबले में न केवल कामयाबी के साथ युद्धरत है, वरन् अनेक सैन्य संघर्षों में तो उसने रूसी सेना के छक्के छुड़ा दिए हैं। इन दुर्धर्ष और विकट सैन्य हालात से रूस की पुतिन सरकार बहुत अधिक तिलमिलाई हुई है। रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के अत्यधिक तीव्र हो जाने से भारत में भी गहन चिंता व्याप्त हो गई है। रूस की आक्रामक जवाबी सैन्य कार्रवाई से वैश्विक ऊर्जा के बाजार में अत्यधिक अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है, जिसके फलस्वरूप भारत के तेल आयात के बिल में अधिक वृद्धि हो सकती है। भारत में पहले से ही बढ़ी हुई महंगाई आसमान छू सकती है। डॉलर के मुकाबले कमजोर होता रुपया और अधिक कमजोर हो सकता है।**

यूक्रेन और रूस के मध्य जारी युद्ध वस्तुतः फरवरी 2014 में ही प्रारम्भ हो गया था, जबकि रूसी सेना द्वारा क्रीमिया पर बलपूर्वक अपना सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिया गया। सर्वविदित है कि सोवियत संघ के पराभव के तत्पश्चात वर्ष 1991 में यूक्रेन सोवियत संघ से पृथक होकर एक स्वतंत्र राष्ट्र बन गया और क्रीमिया उसका अभिन्न अंग था। क्रीमिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा यूक्रेन के अभिन्न इलाके के तौर पर मान्यता प्राप्त है। रूस और यूक्रेन के मध्य विवाद प्रारंभ में क्रीमिया और डोनबास के कुछ क्षेत्र के आधिपत्य था। जब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने नाटो सैन्य संगठन में शामिल होने का इरादा जाहिर किया तो फिर राष्ट्रपति पुतिन ने सख्त ऐतराज जाहिर किया और तर्क दिया कि यूक्रेन के नाटो में शामिल हो जाने के बाद नाटो की फौज रूस की सरहद तक आ जाएंगी। 22 फरवरी सन् 2022 में राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में रूस की सेना ने यूक्रेन पर अपनी संपूर्ण ताकत के साथ आक्रमण अंजाम दिया। प्रारंभ में ऐसा प्रतीत हुआ कि रूस की शक्तिशाली और विशाल सेना के समक्ष यूक्रेन की छोटी सी और अपेक्षाकृत कमजोर सेना कदाचित अधिक दिनों तक टिक नहीं पाएगी।

## युद्ध से भारत में भी गहन चिंता व्याप्त

रणनीतिक कयास को एकदम गलत साबित करते हुए और अत्यधिक क्षति उठाने के बावजूद आज भी युद्ध के मैदान में यूक्रेन की सेना रूस की सेना के मुकाबले में न केवल कामयाबी के साथ युद्धरत है, वरन् अनेक सैन्य संघर्षों में तो उसने रूसी सेना के छक्के छुड़ा दिए हैं। इन दुर्धर्ष और विकट सैन्य हालात से रूस की पुतिन सरकार बहुत अधिक तिलमिलाई हुई है। रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के अत्यधिक तीव्र हो जाने से भारत में भी गहन चिंता व्याप्त हो गई है। रूस की आक्रामक जवाबी सैन्य कार्रवाई से वैश्विक ऊर्जा के बाजार में अत्यधिक अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है, जिसके फलस्वरूप भारत के तेल आयात के बिल में अधिक वृद्धि हो सकती है। भारत में पहले से ही बढ़ी हुई महंगाई आसमान छू सकती है। डॉलर के मुकाबले निरंतर कमजोर होता हुआ रुपया और अधिक कमजोर हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि हाल के कुछ वर्षों में रूस भारत को तेल निर्यात करने वाला सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता देश बन गया है। अप्रैल 2025 में भारत ने अपनी जरूरत का तकरीबन 40 फीसदी तेल रूस से आयात किया है। यूक्रेन और रूस के मध्य जारी सैन्य संघर्ष में अत्यंत तीव्रता आ जाने से युद्ध एक खतरनाक दौर में पहुंच गया है। यूक्रेन द्वारा ड्रोन आक्रमणों में रूसी वायु सेना के तकरीबन 40 लड़ाकू बमवर्षक विमानों को तबाह कर दिया गया। यूक्रेन की वायु सेना ने रूस के सरहदी इलाकों को रौंदते हुए हजारों किलोमीटर तक रूस के अंदर





घुसकर पांच सैन्य ठिकानों पर भीषण आक्रमण अंजाम दिए। वहीं, अमेरिकन कूटनीतिक सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंजूरी के पश्चात ही यह भीषण आक्रमण यूक्रेन द्वारा अंजाम दिया गया था। आधिकारिक तौर पर यूक्रेन प्रशासन और अमेरिकन प्रशासन ने अपने अपने बयानों में फरमाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन के इस आक्रमण की कदाचित कोई जानकारी नहीं थी। यूक्रेन की सेना के भीषण आक्रमण का समुचित प्रति उत्तर देते हुए रूसी सेना द्वारा अभी तक का सबसे बड़ा आक्रमण यूक्रेन पर अंजाम दिया गया। बड़े पैमाने पर यूक्रेन पर किए गए आक्रमण में यूक्रेन की राजधानी कीव सहित यूक्रेन के अनेक प्रमुख शहरों को निशाना बनाया। जिसके फलस्वरूप यूक्रेनी सेना के अनेक ठिकाने नष्ट कर दिए गए और तकरीबन 1500 से अधिक सैनिकों को हलाक कर दिया गया।

## युद्ध विराम करने की निरंतर अपीलें

रूस और यूक्रेन के मध्य यह भीषण युद्ध तब अंजाम दिया गया है, जबकि इस्तांबुल में रूस और यूक्रेन के मध्य शांति वार्ता आयोजित होने वाली है। उल्लेखनीय है कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस और यूक्रेन से युद्ध विराम करने की निरंतर अपीलें की जाती रही है। लेकिन रूस पर अंजाम दिए गए यूक्रेनी आक्रमण के बाद विकट प्रश्न खड़े हो गए हैं, कि एक तरफ तो प्रेसिडेंट ट्रंप दोनों देशों से युद्धविराम करने और शांति स्थापित करने की अपील कर रहे हैं और दूसरी तरफ यूक्रेन को रूस पर आक्रमण करने के लिए खुली छूट भी प्रदान कर रहे हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन रूस युद्ध को लेकर एक अत्यंत विवादित बयान दिया। प्रेसिडेंट ट्रंप ने फरमाया कि शायद यही बेहतर होगा कि दोनों देशों को कुछ वक्त तक और युद्धरत रहने दिया जाए। इसी मध्य जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में मुलाकात की। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिकन प्रेसिडेंट से रूस पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने की अपील की। व्हाइट हाउस में फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात करते हुए प्रेसिडेंट ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन और रूस के मध्य गहरी नफरत और प्रतिशोध की भावना विद्यमान है। ऐसे हालात में दोनों देशों से युद्ध विराम की उम्मीद रखना बहुत मुश्किल है।

## डोनाल्ड ट्रंप की कूटनीतिक टिप्पणी

ट्रंप ने कहा कि अच्छा ही है कि दोनों देश लगातार युद्धरत बने रहें, जैसे खेलों में रेफरी थोड़ी देर के लिए खिलाड़ी को आपस में भिड़ने देते हैं, ठीक वैसे ही दोनों देशों को देर तक लड़ने देना ही उचित होगा। उल्लेखनीय है कि प्रेसिडेंट ट्रंप की यह कूटनीतिक टिप्पणी, प्रेसीडेंशियलन इलेक्शन के दौरान उनके द्वारा किए गए वादे में बुनियादी बदलाव है, जिसके तहत उन्होंने कहा था कि यदि वह अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हो जाएंगे तो फिर रूस-यूक्रेन युद्ध को अति शीघ्र समाप्त करा देंगे। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने आग्रह किया कि अमेरिका को युद्ध खत्म करने में अपनी निर्णायक भूमिका का निर्वाह करना चाहिए और रूस पर अत्यंत कड़ा कूटनीतिक दबाव कायम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका इस स्थिति में है और वह भी यह चाहते हैं कि अमेरिका को रूस पर और अधिक कूटनीतिक दबाव डालना चाहिए। उल्लेखनीय है कि समस्त यूरोप भी यकीनन रूस-यूक्रेन युद्ध का समापन चाहता है। संपूर्ण यूरोप की अर्थव्यवस्था डगमगा चुकी है।

## यूरोप के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत रूस

यूरोप के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत रूस ही रहा, जहां से यूरोप के लिए ऊर्जा की सप्लाई एकदम बंद हो गई है। प्रश्न यह भी उठ रहा है कि क्या यूक्रेन द्वारा आक्रमण करने के लिए अमेरिका सहित नाटो देशों ने सैटेलाइट्स द्वारा यूक्रेन को मदद प्रदान की है। अमेरिकन प्रशासन ने कुछ दिनों के लिए यूक्रेन को अपने सैटेलाइट्स से मदद करना बंद कर दिया था। लेकिन मार्च 2025 में अमेरिका ने फिर से यूक्रेन को इन आक्रमणों में मदद देना प्रारंभ कर दिया था। हाल ही में रूस ने अपने बमवर्षक विमानों को बेलाया से ओलेन्या हवाई एयरबेस पर स्थानांतरित किया था। बमवर्षक विमानों के इस स्थानांतरण को सैटेलाइट तस्वीरों में देखा गया था। यूक्रेन के ड्रोन विमानों द्वारा अंजाम दिया गया भीषण आक्रमण इन्हीं एयरबेसों पर किया गया। अमेरिका और नाटो सैन्य संगठन देशों को यूक्रेन द्वारा अंजाम दिए गए भीषण आक्रमण के विषय में यदि जानकारी नहीं थी, तो फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में इस तथ्य को यह सबसे बड़ा आश्चर्य माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2024 में यूक्रेन द्वारा रूस के कुसर्क इलाके में अचानक ही आक्रमण कर दिया गया था। इस विस्मयकारी आक्रमण ने रूस को हिला कर रख दिया। इस भीषण आक्रमण की जानकारी भी अमेरिका को पहले से नहीं थी और यह यूक्रेनी आक्रमण बेहद कामयाब साबित हुआ। इस आक्रमण में यूक्रेन द्वारा रूस की जमीन के बड़े इलाके पर अपना आधिपत्य स्थापित किया गया।

## कूटनीति की कठिन परीक्षा से गुजर रहा भारत

इस दफा भी यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने दीर्घ काल तक रूस के अंदरूनी इलाकों में काम किया और स्पाइडर वेब नामक ऑपरेशन को अत्यंत कामयाबी के साथ अंजाम दिया। नए आर्थिक प्रतिबंधों पर जब ट्रंप से सवाल किया गया तो उन्होंने संकेत दिया कि फिलहाल तुरंत कोई फैसला नहीं लिया जा रहा है। लेकिन ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे और युद्ध विराम नहीं किया गया तो अमेरिका दोनों राष्ट्रों पर कड़ी कार्रवाई करेगा। वस्तुस्थिति यह है कि भारत के रूस के साथ और नाटो देशों के साथ भी मैत्रीपूर्ण संबंध कायम रहे हैं। सर्वविदित है कि युद्ध सिर्फ यूक्रेन और रूस के मध्य नहीं लड़ा जा रहा है, वरन् युद्ध नाटो सैन्य संगठन और रूस के मध्य लड़ा जा रहा है। यूक्रेन की बेहद बहादुर सेना नाटो सैन्य संगठन द्वारा प्रदत्त आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों के अभाव में रूस के विरुद्ध युद्ध को इतने लंबे दौर तक कदापि नहीं लड़ सकती थी। निरंतर तीव्र होते हुए रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के दौर में भारत वस्तुतः विश्व पटल पर कूटनीति की बड़ी कठिन परीक्षा से गुजर रहा है। भारत के साथ ऐतिहासिक तौर पर गहन रणनीतिक संबंध रखने वाला रूस चाहता है कि युद्ध में भारत खुलकर रूस का समर्थन करे। उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय भारत-पाक सैन्य संघर्ष में रूस ने भारत का एक तरफ समर्थन नहीं किया, जैसा कि सदैव ही करता रहा है।

## दो ध्रुवीय शक्तियों के मध्य बंटता दिख रहा विश्व

इस दफा बहुत ही संतुलित कूटनीति अख्तियार करते हुए रूस ने भारत को अपना रणनीतिक मित्र निरुपित किया और पाकिस्तान को अपना राजनीतिक मित्र करार दिया। नए शीत युद्ध के दौर में जबकि विश्व दो ध्रुवीय शक्तियों के मध्य बंटता जा रहा है, एक तरफ अमेरिका और नाटो देश हैं और दूसरी तरफ चीन, रूस, ईरान और उत्तरी कोरिया आदि देश हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास को जारी रखा है। दोनों ही देश यूक्रेन और रूस भारत के निकट मित्रों में रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध की विनाशकारी तीव्रता तृतीय विश्वयुद्ध के कगार पर लाकर पटक सकती है।

विश्व पटल पर गुटनिरपेक्ष आंदोलन का प्रणेता भारत फिर से एक बार तृतीय विश्व युद्ध के खतरे को समाप्त करने के लिए अवश्य ही गहन गंभीर कूटनीतिक प्रयास करेगा, जैसा कि ऐतिहासिक प्रयास भारत द्वारा तृतीय विश्व युद्ध को रोकने के लिए सन् 1956 में स्वेज कैनाल संकट और सन् 1962 में क्यूबा संकट के दौर में किया गया था।

# अमेरिका के भरोसे को कमजोर करते ट्रंप



**असमंजस**

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया था कि वे रूस-यूक्रेन तथा इजरायल एवं हमास के बीच चल रहे युद्धों को समाप्त कर शांति स्थापित कर देंगे, परंतु कोई परिणाम नहीं दे पाए। इसके उलट हाल ही में यूक्रेन ने बड़ा हमला करके रूस के साइबेरिया में स्थित परमाणु बमवर्षक विमानों को ध्वस्त करके बड़ी शिकस्त दे दी है। ड्रोन से बेलाया वायुसेना अड्डे पर हमला करके रूसी वायुसेना के 40 विमानों को अग्नि में होम कर दिया। इस हमले के बाद यूक्रेन ने रूस को फिर निशाना बनाया। यूक्रेनी खुफिया एजेंसी एसबीयू ने रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले क्रेच पुल को विस्फोटक से उड़ा दिया। इन दो बड़े आक्रमणों से तय होता है कि यूक्रेन फिलहाल अमेरिका के दबाव में नहीं है। अमेरिका के पास ऐसा कोई कूटनीतिक इलाज भी नहीं दिखता है कि वह यूक्रेन और रूस को समझौते के लिए राजी कर पाए, क्योंकि रूस ने भी यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। आशंका तो अब यह बढ़ गई है कि परमाणु हथियार सक्षम रूस कहीं यूक्रेन पर परमाणु हमला न कर दे ? अमेरिका के भीतर भी ट्रंप ने एक के बाद एक गैर जरूरी ऐसे फैसले लिए जो अमेरिकी परंपरा व संवैधानिक व्यवस्था के विरुद्ध थे। अतएव अदालतों में ये फैसले टिक नहीं पाए।

## अप्रासंगिक व विवादित निर्णय

अमेरिकी प्रथम की रणनीति से जुड़े ऐसे अप्रासंगिक व विवादित निर्णय और कानूनी चुनौतियां अभी भी थम नहीं रही हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर और फिर युद्धविराम का श्रेय लेने की होड़ में ट्रंप के शरारती एक्स संदेश से भी उनकी छवि धूमिल हुई है। असमंजस और अमर्यादित आचरण के प्रदर्शनों से अमेरिका की कूटनीतिक स्थिरता को बड़ा झटका लगा है। ऐसे व्यवहार से जहां ट्रंप बौने लगने लगे हैं, वहीं लगता है, जल्दी ही दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ती दिखाई देगी और अमेरिका अलग-थलग दिखाई दे सकता है। यह संभावना ट्रंप के चुनावी अभियान में 2100 करोड़ रुपये का चंदा देने व ट्रंप का खुला समर्थन करने वाले कारोबारी एलन मस्क व ट्रंप की दोस्ती टूटने से भी बड़ी है। एक समय के जिगरी दोस्त जानी दुश्मन बनते दिखाई दे रहे हैं। एलन मस्क बार-बार ट्रंप द्वारा लागू किए विधेयक की आलोचना कर रहे थे। इस पर ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी कि मस्क मुझे निराश कर रहे हैं। इसके बाद दोनों में जुबानी जंग छिड़ गई। ट्रंप ने कटाक्ष किया कि मस्क को ट्रंप डेरेंजमेंट सिंड्रोम यानी ट्रंप अव्यवस्था दोष हो गया है।

## नई नीतियों से अव्यवस्था फैली

मसलन ट्रंप जिस तरह से टैरिफ से लेकर नई-नई नीतियां बदल रहे हैं, उससे अव्यवस्था फैल रही है, जो मस्क को पसंद नहीं है। ट्रंप के इस कटाक्ष के बाद दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क भी कहां चूकने वाले थे, उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि यदि मैं न होता तो ट्रंप चुनाव हार जाते। गोया ट्रंप ने उनके साथ बेवफाई की है। ट्रंप की यह बेवफाई केवल मस्क के साथ अब नहीं है, बल्कि अनेक उन यूरोपीय देशों के साथ भी दिखाई दे रही है, जो अमेरिका या ट्रंप की प्रत्येक कूटनीतिक



रणनीति में भागीदार रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से भी ज्यादा समय से चल रहा युद्ध न केवल यूरोप में बल्कि दुनिया में परमाणु हथियारों की महत्ता से जुड़ा परिदृश्य बदल रहा है। इस परिदृश्य को भी ट्रंप द्वारा दिया यह बयान कि 'यूरोपीय देशों के नाटो सदस्य यूक्रेन के परिप्रेक्ष्य में अमेरिका के बराबर जिम्मेदारी नहीं झेल रहे हैं। इस कारण इस गठबंधन की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगाए जाने लगे हैं।' दरअसल द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत रूस की सेनाएं मध्य और पूर्वी यूरोप में तैनात थीं। इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ के बीच वैचारिक और भू-राजनीतिक तनाव का दौर था। हालांकि दूसरे विश्वयुद्ध में ये दोनों देश प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शमिल नहीं थे, लेकिन एक-दूसरे के विरुद्ध अपनी शक्ति बढ़ाने में लगे थे। अमेरिकी पूंजीवादी विचारों का पोशक रहा, जबकि सोवियत संघ साम्यवादी विचारों का अनुयायी रहा। यही वैचारिक संघर्ष शीतयुद्ध कहलाता है। कालांतर में इन देशों की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत ने पूरी दुनिया को दो ध्रुवीय व्यवस्था में बदलने का काम किया। किंतु 26 दिसंबर 1991 को सोवियत संघ के विघटन के बाद 15 नए देश अस्तित्व में आए, इन्हीं में रूस और यूक्रेन शामिल हैं। ट्रंप द्वारा नाटो गठबंधन की प्रासंगिकता पर सवाल उठाए जाने के बाद अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायताएं भी स्थगित कर दी गईं।

नतीजतन फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनूएल मैक्रों को जवाबी हमला करने का मौका मिल गया। मैक्रों ने यूरोपीय मित्र देशों के समक्ष फ्रांस के परमाणु भंडारों को सुरक्षा देने का प्रस्ताव रख दिया। फ्रांस का यह प्रस्ताव विश्व-व्यवस्था में परमाणु सशस्त्रीकरण की नई इबारत लिखना है। इसके बाद ब्रिटेन और इटली ने भी रूस और यूक्रेन के बीच शांति के न्यायोचित समाधान खोजने की मांग उठा दी। तत्पश्चात यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेरलेयेन ने 800 बिलियन डॉलर से लेकर 1 ट्रिलियन डॉलर तक की रक्षा खर्च की योजना पेश कर दी। संघ के 26 सदस्य देशों ने इसे हाथों हाथ समर्थन भी दे दिया। इसका उद्देश्य यूरोप की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना है, विशेष रूप से यूक्रेन युद्ध के बाद की स्थिति में, क्योंकि यूक्रेन रूस के युद्ध के खिलाफ जो दंभ तीन साल से भरे हुए है, उसके पीछे यूरोपीय संघ और नाटो देशों की ही आर्थिक और सामरिक शक्तियां काम कर रही हैं। अब यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने संयुक्त हथियार खरीद के लिए 150 अरब यूरो का कोष स्थापित करने की सहमति जता दी है। नाटो और यूरोपीय संघ का यह कूटनीतिक उत्तर अमेरिका की नाटो से संभावित निकासी या उसकी धनराशि कम करने के परिप्रेक्ष्य में है। दरअसल ये देश परमाणु शक्ति संपन्न देश होने के कारण रूस को एक बड़ा खतरा मानकर चल रहे हैं और यूक्रेन के पीछे खड़े होकर रूस की बर्बादी देखने के इच्छुक हैं। अतएव ट्रंप की समझौते से जुड़ी रणनीति के विरुद्ध अभी यह टकराव बना रहेगा।

## युद्ध समाप्ति के अभी आसार नहीं

यह युद्ध इसलिए लंबा चलने वाला है, क्योंकि हाल ही में तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई वार्ता में ब्लादिमीर पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें केवल एक ही बात मंजूर है और वह यूक्रेन का समर्पण! रूस यह मांग इसलिए कर रहा है, क्योंकि उसने यूक्रेन के 5 प्रांतों के 19 फीसदी भू-भाग पर कब्जा कर लिया है। इसलिए उसे उम्मीद है कि देर-सबेर वह यूक्रेन को पराजित कर देगा। अमेरिका के पास इस स्थिति में युद्ध खत्म करने की कोई नीति या कूटनीति नहीं है।

ट्रंप जिस तरह की दादागिरी के आचरण और एकतरफा निर्णय लेने के मूड में हैं, उस स्थिति में युद्धविराम तब तक संभव नहीं है, जब तक नाटो और यूरोपीय संघ के देश ट्रंप की बात मानने को सहमत न हो जाएं ?

# भड़कता दिख रहा रूस-यूक्रेन युद्ध



**रणनीति**

राजेश जैन

स्वतंत्र पत्रकार व विश्लेषक

रूस के अंदर घुस कर यूक्रेन के मारक हमले के बाद से दोनों मुल्कों के बीच जारी जंग के जल्दी खत्म होने के आसार क्षीण हो गए हैं। यूक्रेन ने योजनाबद्ध तरीके से जिस तरह गाइडेड ड्रोन अटैक किया है और रूसी सैन्य ठिकानों को तबाह किया है, उसके बाद रूस के जवाबी हमले के खतरे बढ़ गए हैं। रूस ने यूक्रेन से बदला लिया भी है, लेकिन यह सिलसिला अभी और बढ़ेगा। तुर्किये में प्रस्तावित वार्ता से ठीक एक दिन पहले यूक्रेन की सैन्य कार्रवाई रूस की सोच से परे थी, यूक्रेन के इस कृत्य ने इस युद्ध को और उलझा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कूटनीति रूस व यूक्रेन मामले में पूरी तरह फेल हुई है और ट्रंप के दावे हवाहवाई साबित हुए हैं। यूरोप अब यूक्रेन के कंधों पर रूस से अदावत निभा रहा है, इसलिए हाल फिलहाल इस युद्ध के और भड़कने की संभावना बढ़ गई है। फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में चल रहा है। लाखों लोगों की जान जा चुकी है, शहर उजड़ चुके हैं और अब दुनिया की नजरें इस सवाल पर टिकी हैं कि आखिर कौन जीत रहा है यह युद्ध? क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के ताकतवर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मात दे रहे हैं या फिर रूस धीरे-धीरे अपनी रणनीति में सफल हो रहा है?

## ड्रोन वार ने बदले समीकरण

रूस के तेज़ होते हमलों के बीच यूक्रेन ने बीते 1 जून को रूस के ख़िलाफ़ 'ऑपरेशन स्पाइडर वेब' लॉन्च किया। इसे रूस पर यूक्रेन का अब तक का सबसे घातक हमला बताया जा रहा है। दावा है कि इस ऑपरेशन की तैयारी यूक्रेन बीते 18 महीनों से कर रहा था। लीक जानकारी से पता चलता है कि कई छोटे ड्रोन्स को ख़ुफ़िया तरीके से रूस में पहुंचाया गया, फिर हज़ारों मील दूर अलग-अलग चार जगहों पर ले जाकर नज़दीकी सैन्य हवाई अड्डों पर रिमोटली लॉन्च किया गया। यूक्रेन का दावा है कि उसने रूस के 41 बमवर्षक विमानों को निशाना बनाया। विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई बातचीत के बाद स्थिति और उलझ गई है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें सिर्फ एक ही बात स्वीकार है, यूक्रेन का सरेंडर। दूसरी ओर, यूक्रेन कुछ शर्तों पर रियायत देने को तैयार है, लेकिन रूस अपने कठोर रुख से टस से मस नहीं हो रहा। दूसरी ओर यूक्रेन, टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर, रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। हाल ही में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रूस के बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रूस ने सोचा भी नहीं होगा कि यूक्रेन रूस के 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ा सकता है, लेकिन उसने ऐसा किया। अब 5 एयरबेस पर हमले का नुकसान तो बड़ा है और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भी स्वाभविक है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर से भड़कता दिख रहा है और शांति की उम्मीदें लगभग मंद हो गई हैं।

## लंबी है युद्ध के हताहतों की सूची

रूस ने 6 जून की रात को यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन हमला



किया है, जिसमें राजधानी कीव के साथ ही देश के प्रमुख शहरों को निशाना बनाया है। एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन कॉल के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी हवाई ठिकानों पर ड्रोन हमले के लिए यूक्रेन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का वादा किया था। मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस युद्ध में अब तक करीब 14 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। यूक्रेन के 75 हजार से ज्यादा सैनिक या तो मारे जा चुके हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रूस की कुर्स्क पर भारी कार्रवाई के बाद यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए सूमी प्रांत पर हमला शुरू कर दिया है। सूमी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यदि रूस इस पर कब्जा कर लेता है, तो वह सीधे कीव की ओर जमीनी हमला कर सकता है। इससे यूक्रेन की राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। फिलहाल, यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले इलाकों में जवाबी कार्रवाई कर रही है। उन्हें अमेरिका और यूरोपीय देशों से तकनीकी और खुफिया जानकारी मिल रही है, जिससे उन्हें हमलों की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन में अब अपने ही ड्रोन बनाने की फैक्ट्री और विशेषज्ञ तैयार हो चुके हैं। हालांकि यूक्रेन को आधुनिक तकनीक और समर्थन मिल रहा है, लेकिन उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे ड्रोन हमले रूसी सेना को धीमा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह रोक नहीं सकते, रूस लगातार मिसाइल और बमबारी करता जा रहा है, यूरोप और अमेरिका से हथियारों की सप्लाई बनाए रखना और नए हथियारों के लिए सैनिकों को ट्रेनिंग देना भी यूक्रेन के लिए बड़ी चुनौती है। रूस की रणनीति अब यह है कि यूक्रेनी सेना की सप्लाई लाइन को काटा जाए, उन्हें घेरा जाए और धीरे-धीरे एक-एक इलाके पर कब्जा किया जाए। इसके लिए रूसी सेना छोटे-छोटे समूहों में काम कर रही है ताकि वे ड्रोन हमलों से बच सकें। यूक्रेन की गैर पारंपरिक रणनीतियां जैसे लंबी दूरी तक ड्रोन से हमला, रूस के लिए परेशानी बन चुकी हैं, लेकिन रूस अब भी उनके खिलाफ कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया है। इससे संकेत नहीं मिलते कि रूस हमला धीमा करने वाला है।

इस समय रूस ने 5 यूक्रेनी प्रांतों के 19% हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इनमें से 12% इलाके पर वह पहले ही 2014 में कब्जा कर चुका था। पुतिन की चाहत है कि यूक्रेन की 25% जमीन रूस के अधीन आ जाए, जिसमें एक बफर जोन भी शामिल हो। आपको बता दें कि रूस क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर चुका है लेकिन उसकी मांग सिर्फ क्रीमिया तक सीमित नहीं है, अब वह उन इलाकों को भी यूक्रेन से चाहता है, जिन पर उसकी सेना ने अभी तक कब्जा नहीं किया है, लेकिन रूस अपना दावा करता है। इसके अलावा, वह चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन की सेना, उसके हथियार और उसकी सीमाएं नियंत्रित कर दी जाएं, कुछ-कुछ वैसा ही जैसा प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ किया गया था।

## फिलहाल शांति की आस नहीं

इस समय दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है। रूस की धीमी लेकिन स्थायी बढ़त को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वहीं यूक्रेन भी टेक्नोलॉजी और नाटो समर्थन के दम पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। अगर किसी तरह से शांति समझौता हो भी जाता है, तब भी यह जरूरी नहीं कि संघर्ष थम जाएगा। जानकारों का मानना है कि यूक्रेन के भीतर गुरिल्ला युद्ध चलता रहेगा और नाटो देश रूस के लिए लंबे समय तक परेशानी बने रहेंगे। फिलहाल दुनिया को इंतजार है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

# लड़कों में ओवरऑल ट्राफी रोहतक तो लड़कियों में भिवानी के नाम रही




# हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता सम्पन्न 500 युवा मुक्केबाजों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा आयोजित चौथी जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य समापन शनिवार को राजीव गांधी साई एनबीए बॉक्सिंग अकादमी में हुआ। जिसमें ओवरऑल ट्राफी ब्वॉयज में रोहतक के नाम तो गर्ल्स में ओवरऑल ट्राफी भिवानी के नाम रही है। हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का मंच नहीं है, यह एक ऐसा अवसर है जहां अनुशासन, समर्पण और संघर्ष की भावना विकसित होती है। हार और जीत तो खेल का हिस्सा हैं, लेकिन जो आप सीखते हैं, वह जीवनभर आपके साथ रहता है। मैं कोच और अभिभावकों का भी विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं, जो इन खिलाड़ियों के पीछे निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन की ताकत बनकर खड़े हैं। आपका योगदान अमूल्य है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस चौथी जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया है कि हरियाणा न केवल कृषि में अग्रणी है, बल्कि खेलों में भी देश का नेतृत्व कर रहा है। मुझे आज यहां आकर अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है, जब मैं रिंग में हमारे मुक्केबाजों को अपनी प्रतिभा और जोश के साथ मुकाबला करते देख रहा हूं। इन बच्चों की आंखों में जो सपना है, वह न सिर्फ व्यक्तिगत सफलता का है, बल्कि भारत का नाम रोशन करने का भी है। प्रतियोगिता में ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी संदीप मौर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता बुधवार से शुरू हुई थी और अंतिम दिन तक खिलाड़ियों में गजब का उत्साह व खेल भावना देखने को मिली। रिंग में हुए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन कर रहे थे।





## लड़कों के परिणाम

### 46 किलो भार वर्ग

| नाम | जिला | मेडल |
|---|---|---|
| उदय सिंह | चंडीगढ़ | गोल्ड |
| नितिन | झज्जर | सिल्वर |
| समीर | करनाल | ब्रॉन्ज |
| आर्नव | रोहतक | ब्रॉन्ज |

### 48 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| फलक | सोनीपत | गोल्ड |
| विराज | गुरूग्राम | सिल्वर |
| धीरज | रोहतक | ब्रॉन्ज |
| नवीन | साईएच | ब्रॉन्ज |

### 50 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| तेजस | सोनीपत | गोल्ड |
| अंशु | पानीपत | सिल्वर |
| अभिनव | साईएच | ब्रॉन्ज |
| वंश | गुरूग्राम | ब्रॉन्ज |

### 52 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| आदित्य | साईबी | गोल्ड |
| हर्षित | हिसार | सिल्वर |
| मंयक | करनाल | ब्रॉन्ज |
| वंश | पानीपत | ब्रॉन्ज |

### 54 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| आशीष | रोहतक | गोल्ड |
| आशु | सोनीपत | सिल्वर |
| समीर | कैथल | ब्रॉन्ज |
| कुलजीत | भिवानी | ब्रॉन्ज |

### 57 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| रितेश | फतेहाबाद | गोल्ड |
| सुधांशु | पानीपत | सिल्वर |
| इंशात | हिसार | ब्रॉन्ज |
| नैतिक | रोहतक | ब्रॉन्ज |

### 60 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| गौरव | रोहतक | गोल्ड |
| सावन | भिवानी | सिल्वर |
| शिवम | करनाल | ब्रॉन्ज |
| मोहित | महेंद्रगढ़ | ब्रॉन्ज |

### 63 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| आर्यन | साईबी | गोल्ड |
| विशाल | झज्जर | सिल्वर |
| अंकित | हिसार | ब्रॉन्ज |
| शिव सागर | कैथल | ब्रॉन्ज |

### 66 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| नैतिक | गुरूग्राम | गोल्ड |
| कुनाल | सोनीपत | सिल्वर |
| निखिल | कुरूक्षेत्र | ब्रॉन्ज |
| नितिन | हिसार | ब्रॉन्ज |

### 70 किलो भार वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| नमन | रोहतक | गोल्ड |
| ओमप्रकाश | रेवाड़ी | सिल्वर |
| सुमित | चंडीगढ़ | ब्रॉन्ज |
| रितेश | कुरूक्षेत्र | ब्रॉन्ज |

### 75 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| कुनाल | गुरूग्राम | गोल्ड |
| कार्तिक | सोनीपत | सिल्वर |
| आर्यन | पानीपत | ब्रॉन्ज |
| आर्यन | हिसार | ब्रॉन्ज |

### 80 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| दिव्यांश | हिसार | गोल्ड |
| परमजीत | पानीपत | सिल्वर |
| दक्ष | रोहतक ए | ब्रॉन्ज |
| सुमित | झज्जर | ब्रॉन्ज |

### 80 किलो से ज्यादा

| | | |
|---|---|---|
| चिरागदीप | कैथल | गोल्ड |
| आशुष | सोनीपत | सिल्वर |
| शिवम | भिवानी | ब्रॉन्ज |
| अमन | साईबी | ब्रॉन्ज |

## लड़कियों के परिणाम

### 46 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| राखी | भिवानी | गोल्ड |
| भूमि | रोहतक | सिल्वर |
| निश्चल | पंचकूला | ब्रॉन्ज |
| गुंजन | हिसार | ब्रॉन्ज |

### 48 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| जिया | हिसार | गोल्ड |
| जिया | पानीपत | सिल्वर |
| नैंसी | कैथल | ब्रॉन्ज |
| चक्षु | जींद | ब्रॉन्ज |

### 50 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| काफी | भिवानी | गोल्ड |
| महक | कुरूक्षेत्र | सिल्वर |
| अन्नु | हिसार | ब्रॉन्ज |
| मानवी | कैथल | ब्रॉन्ज |

### 52 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| सिमरन | जींद | गोल्ड |
| कुदरत | भिवानी | सिल्वर |
| खुशिका | हिसार | ब्रॉन्ज |
| स्नेहा | कुरूक्षेत्र | ब्रॉन्ज |

### 54 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| जन्नत | कैथल | गोल्ड |
| दीक्षा | चंडीगढ़ | सिल्वर |
| चेष्टा | भिवानी | ब्रॉन्ज |
| स्नेहा | पंचकूला | ब्रॉन्ज |

### 57 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| साक्षी | हिसार | गोल्ड |
| यशिका | सोनीपत | सिल्वर |
| परी | फरीदाबाद | ब्रॉन्ज |

### 60 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| चाहत | फरीदाबाद | गोल्ड |
| समायरा | सिरसा | सिल्वर |
| तरूणा | साईएच | ब्रॉन्ज |
| तन्वी | मेवात | ब्रॉन्ज |

### 63 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| दीया | साईबी | गोल्ड |
| हिमांशी | भिवानी | सिल्वर |
| अकाशी | झज्जर | ब्रॉन्ज |
| तन्नु | कैथल | ब्रॉन्ज |

### 66 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| प्रिया | साईबी | गोल्ड |
| यशिका | रोहतक | सिल्वर |
| माही | साईएच | ब्रॉन्ज |
| खनक | पानीपत | ब्रॉन्ज |

### 70 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| हिमांशी | गुरूग्राम | गोल्ड |
| प्रिया | कैथल | सिल्वर |
| शामभवी | रोहतक | ब्रॉन्ज |
| वशिंका | पानीपत | ब्रॉन्ज |

### 75 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| ज्योति | रेवाड़ी | गोल्ड |
| संध्या | रोहतक | सिल्वर |
| विदुशी | गुरूग्राम | ब्रॉन्ज |
| रितुजा | झज्जर | ब्रॉन्ज |

### 80 किलो भारवर्ग

| | | |
|---|---|---|
| कनक | झज्जर | गोल्ड |
| यशिका | अंबाला | सिल्वर |
| प्राची | भिवानी | ब्रॉन्ज |
| जैसमीन | सिरसा | ब्रॉन्ज |

### 80 किलो से ज्यादा

| | | |
|---|---|---|
| अंशिका | चंडीगढ़ | गोल्ड |
| भूमिका | गुरूग्राम | सिल्वर |
| अनुष्का | सोनीपत | ब्रॉन्ज |
| कृतिका | भिवानी | ब्रॉन्ज |

## खबर संक्षेप

### प्रो लीग यूरोप चरण के पहले मैच में नीदरलैंड से हारी भारतीय हॉकी टीम

**एम्सटेलवीन।** एक गोल से बढत बनाने के बावजूद भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के पहले मैच में शनिवार को ओलंपिक चैम्पियन नीदरलैंड के हाथों 2 . 1 से हार गई । कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दागकर भारत को बढत दिला दी थी लेकिन नीदरलैंड के लिये थीज वैन डैम ने दो फील्ड गोल (25वां और 58वां मिनट) करके भारत के जीत के मंसूबों पर पानी फेर दिया । भुवनेश्वर में खेले गए प्रो लीग के घरेलू चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करके भारत तीसरे स्थान पर है । बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिये भारतीय टीम की नजरें यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने पर लगी हैं लेकिन आगाज जीत के साथ नहीं हो सका । भारतीय टीम ने शानदार शुरूआत की और अच्छे पास देकर गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा ।

### दिल्ली जीएम ओपन सोगरवाल ने जीएम करेन को हराया; नारायणन ने सिद्धार्थ को दी मात

**नई दिल्ली।** उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी वैराज सोगरवाल ने आर्मेनिया के ग्रैंड मास्टर (जीएम) करेन एच ग्रिगोरियन को हराकर शनिवार को यहां दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में उलटफेर के साथ आगाज किया। दिन का दूसरा उल्लेखनीय परिणाम 17 वर्षीय मीतांश दीक्षित और जॉर्जिया के जीएम लेवन पंत्सुलिया के बीच ड्रॉ मुकाबला रहा।

### तलवार स्विस चैलेंज में 25वें स्थान पर


**ल्यूसर्न।** भारत के सप्तक तलवार ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया और वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 25वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपने राउंड की शुरुआत फ्रंट नाइन से की लेकिन उनकी दोनों बर्डी बैक नाइन में आईं।उन्होंने 14वें और 17वें होल में बर्डी बनाई। पहले दो राउंड के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर पार है।

## टेनिस : नंबर एक सिनर ने नोवाक को 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया

# जोकोविच का सपना टूटा, सिनर-अल्काराज़ में होगा फ्रेंच ओपन का खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ से होगा। सिनर ने पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश किया हैइस तरह जोकोविच का 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का इंतजार बढ़ गया। यह सिनर की जोकोविच के खिलाफ लगातार चौथी जीत है। सिनर अपना चौथा जबकि अल्काराज़ अपना पांचवा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। सिनर ने कहा, 'हम अपने लिए सर्वश्रेष्ठ मौके बनाते हैं और अब मुझे यह मंच मिला है। अभी मेरे लिए इससे बड़ा कोई और मौका नहीं हो सकता।' जोकोविच पुरुषों के रिकॉर्ड 24 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं, लेकिन वे कोर्ट फिलिप चैटियर पर सिनर के सटीक और तेज़ फोरहैंड का मुकाबला नहीं कर सके। सिनर ने कहा, 'मैंने मानसिक रूप से वहां बने रहने की कोशिश की और प्रत्येक अंक हासिल करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी।'




### फिर टूटा जोकोविच का सपना

नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन में चौथा और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। बता दें कि सबसे ज्यादा सिंगल्स ग्रैंड स्लैम खिताब (महिला और पुरुष) जीतने के मामले में जोकोविच और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मार्गरेट कोर्ट की बराबरी पर हैं. दोनों ने सबसे ज्यादा संयुक्त रूप से 24 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स टाइटल जीते हैं। हालांकि मार्गरेट ने इनमें से 13 खिताब ओपन ऐरा से पहले जीते थे। टेनिस में ओपन ऐरा की शुरुआत साल 1968 में हुई थी। जोकोविच का सपना फ्रेंच ओपन जीतकर मार्गरेट कोर्ट से आगे निकलना था, लेकिन ये सपना उनका फिर टूट चुका है।

### जोकोविच का अंतिम फ्रेंच ओपन मैच

जोकोविच हारने के बाद इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि वह दोबारा फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा, 'मेरा मतलब है कि यह मेरा यहां खेला गया आखिरी मैच हो सकता था, इसलिए मुझे नहीं पता। इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक था। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था।' जोकोविच ने मैच हारने के बाद अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों, जहां वह तीन बार चैंपियन रहे थे। उन्होंने अपना बैग ऊपर खींचा, स्टैंड की तरफ देखा और फिर बाहर चले गए।

### सिनर ने रचा इतिहास



सिनर 1968 में शुरू हुए ओपन युग में फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले इटली के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1976 के चैंपियन एड्रियानो पनाटा फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले अल्काराज ने जब लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 4-6 7-6(3) 6-0 2-0 से बढ़त बनाई थी, तब इटली का आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पैर की चोट के कारण मैच से हट गया था।



## कोको गाफ ने सबालेंका को हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता

- 12 साल में पहली बार दुनिया की नंबर-1 और नंबर-2 खिलाड़ी फाइनल में भिड़ी
- 30 साल में यह दूसरी बार है जब खिताबी भिड़ंत शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच हुई

**पेरिस(एपी)।** अमेरिका की कोको गाफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को 6 . 7, 6 . 2, 6 . 4 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया । अमेरिका की 21 साल की दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैंर। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया । बारह साल पहले सेरेना विलियम्स ने मारिया शारापोवा को हराकर खिताब जीता था। गाफ के दूसरे मैच पॉइंट पर सबालेंका के बैकहैंड शॉट के वाइड होने के साथ खिताब अपने नाम किया। वह जीत दर्ज करने के बाद पीठ के बल लेट गयी और अपने चेहरे को दोनों हाथों से ढक लिया। उन्होंने फिर अपने सिर को कोर्ट पर टिकाया और नेट पर सबालेंका का अभिवादन करने के बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद फिल्म निर्देशक स्पाइक ली को गले लगाया और अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। गाफ तीसरे सेट में अहम मौके पर अपने खेल का स्तर ऊंचा करने में सफल रही। उन्होंने इस सेट के तीसरे गेम में शानदार रैली जीत कर बेलारूस की सबालेंका पर दबाव बनाये रखा। उनके ड्रॉप शॉट और रिटर्न को संभालने में सबालेंका लगातार संघर्ष करते दिखी। इससे पहले कांटे की टक्कर वाले शुरुआती सेट को 6-7 से गंवाने के बाद गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में 6-2 से जीता। उन्होंने दमदार बैकहैंड रिटर्न से सबालेंका की सर्विस को दो बार ब्रेक कर दबदबा कायम किया। सबालेंका शुरुआती सेट में 4-1 की बढ़त बनाने में सफल रही लेकिन उन्होंने लगातार गलतियों और डबल फॉल्ट कर गाफ को वापसी का मौका दे दिया।

## याराजी ताइवान एथलेटिक्स ओपन

# भारत को छह स्वर्ण, ज्योति ने बाधा दौड़ में मारी बाजी

एजेंसी ▶▶| ताइपे सिटी

यराजी ताइवान एथलेटिक्स ओपन में शनिवार को महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में अव्वल रही और भारत के छह एथलीटों को स्वर्ण पदक मिला। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी याराजी ने 12.99 सेकंड का समय निकाला। जापान की असुका तेराडा (13.04 सेकंड) और चिसातो कियोयामा (13.0 सेकंड) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। याराजी ने 29 मई को दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था जिसमें उन्होंने 12.96 सेकंड का समय निकाला था। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस सिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.52 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ताइवान के सियेह युआन केइ (13.72 सेकंड) को रजत और कुइ रू चेन (13.75) को कांस्य पदक मिला। भारत की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर और अमलान बोरगोहेन) ने 38.75 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। वे अपने ही 38.69 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सेकंड के 600वें हिस्से से चूक गए। वे हालांकि टोक्यो विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क से भी चूक गए। सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए 14 देश क्वालीफाई कर चुके हैं और अब दो ही स्थान उपलब्ध हैं।




### महिला रिले टीम ने जीता सोना

महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (सुधीक्षा वद्लुरी, स्नेहा सत्यनारायण, अबिनाया राजाराजन और नित्या गंधे) ने भी 44.06 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। अब्दुला अबूबाकर और पूजा ने क्रमशः पुरुषों की त्रिकूद और महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। अबूबाकर ने 16 . 21 मीटर की कूद लगाई हालांकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.19 मीटर है। पूजा ने चार मिनट 11.63 सेकंड का समय निकाला।

# गुकेश तीसरे स्थान पर रहे, कार्लसन ने 7वीं बार जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना से हारने के कारण नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने यहां रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता। गुकेश ने 2018 के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कारुआना के खिलाफ समय समाप्त होने के कारण एक बड़ी गलती की इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि मौका उनके हाथ से निकल गया है। गत विजेता कार्लसन ने शुक्रवार को 10वें राउंड में भारत के अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर अपने अंकों की संख्या 16 पर पहुंचाई और इस तरह से खिताब अपने नाम पक्का किया। कारुआना 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग मे दो बार की विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियन, यूक्रेन की अन्ना मुज़ीचुक ने अंतिम राउंड में भारत की आर वैशाली से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारने के बावजूद 16.5 अंकों के साथ खिताब जीता।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

सहायक है:
कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।




Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
Divisa
www.divisastore.com
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
UIN-A01-AY-PB-2025

## एहतियातन हिरासत राज्य के हाथ में असाधारण शक्ति, संयम से करें प्रयोग

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एहतियातन हिरासत राज्य को दी गई एक असाधारण शक्ति है, जिसका प्रयोग संयम से किया जाना चाहिए। न्यायालय ने इसी के साथ केरल में धन उधार देने में लिप्त एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के आदेश को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि हिरासत प्राधिकारी द्वारा आदेश में बताई गई परिस्थितियां राज्य के लिए व्यक्ति के खिलाफ दर्ज मामलों में जमानत रद्द करने के लिए सक्षम अदालतों से संपर्क करने के लिए पर्याप्त आधार तो हो सकती हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि इसके लिए उसे एहतियातन हिरासत में लेना उचित है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को सुनाए गए आदेश में कहा, 'इसलिए, 20 जून, 2024 के हिरासत के आदेश और एर्णाकुलम स्थित केरल उच्च न्यायालय द्वारा पारित चार सितंबर, 2024 के विवादित फैसले को रद्द किया जाता है। इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए अपील मंजूर की जाती है।'' पीठ ने रेखांकित किया कि एहतियातन हिरासत की शक्ति को संविधान में अनुच्छेद 22(3)(बी) के तहत मान्यता प्राप्त है।

**सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी, व्यक्ति को हिरासत में लेने के आदेश खारिज**

### विदेश सचिव लैमी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर दिल्ली पहुंचे

# ब्रिटेन को जयशंकर ने दिया धन्यवाद, कहा- भारत की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की ही नीति रहेगी

*विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के समर्थन के लिए यूके सरकार को धन्यवाद दिया, खासकर पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए। यूके के विदेश सचिव डेविड लैमी की भारत यात्रा से द्विपक्षीय आर्थिक और प्रवास साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते से व्यापार और निवेश में वृद्धि की उम्मीद है।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने के लिए यूनाइटेड किंगडम की सरकार को धन्यवाद दिया।

एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में यूके के विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान अपने उद्घाटन भाषण में कहा, सबसे पहले, मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति आपकी एकजुटता और समर्थन के लिए यूनाइटेड किंगडम की सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं और उम्मीद करते हैं कि हमारे सहयोगी इसे समझेंगे।



### नया व्यापार समझौते से क्या होगा लाभ?

ब्रिटेन सरकार के अनुमानों के अनुसार, नया व्यापार सौदा द्विपक्षीय व्यापार को सालाना 25 बिलियन पाउंड से अधिक बढ़ाएगा, ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद को 4.8 बिलियन पाउंड बढ़ाएगा, और हर साल 2.2 बिलियन पाउंड की मजदूरी बढ़ाएगा, जिसके परिणामस्वरूप कामकाजी वर्ग के नागरिकों को ठोस आर्थिक लाभ होगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में बहुत अच्छा सहयोग है, मेरा मानना है कि कई और विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित करने की योजना बना रहे हैं, और लोगों के बीच संबंधों के मामले में, हमें मैनचेस्टर और बेलफास्ट में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का सौभाग्य मिला है - मुझे खुद भी यह सम्मान मिला है।

### मंत्री गोयल से भी करेंगे चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात और विदेश मंत्री जयशंकर से बातचीत करने के बाद, लैमी भारतीय उद्योग जगत के प्रमुख लोगों से बातचीत करेंगे, ताकि ब्रिटेन में भारतीय निवेश बढ़ाने और दोनों बाजारों में नए अवसरों को खोलने के तरीके तलाशे जा सकें।

### मुक्त व्यापार समझौते के बाद हो रही यात्रा

लैमी की दो दिवसीय भारत यात्रा 6 मई को दोनों देशों के बीच हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के बाद हो रही है, जो दोहरे योगदान सम्मेलन के साथ-साथ वास्तव में एक मील का पत्थर है, जैसा कि जयशंकर ने कहा, जो न केवल दोतरफा व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के अन्य रणनीतिक पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा, साथ ही आपूर्ति और मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करने में भी योगदान देगा।विदेश मंत्री ने कहा,भारत की आपकी पिछली यात्रा के बाद से, हम दोनों ने महत्वपूर्ण पहल की है और उन पहलों में अच्छी प्रगति हुई है। मैं प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल का उल्लेख करना चाहूंगा, जो एआई, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार, क्वांटम, हेल्थटेक/बायो-टेक, महत्वपूर्ण खनिजों और उन्नत सामग्रियों के रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में गहन सहयोग को सक्षम करेगा। उन्होंने कहा, हमने रणनीतिक निर्यात और प्रौद्योगिकी सहयोग वार्ता भी शुरू की है, जिसकी पहली बैठक, मेरा मानना है, इस सप्ताह हुई थी। इससे अन्य बातों के अलावा, प्रासंगिक लाइसेंसिंग या विनियामक मुद्दों के समाधान सहित महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यापार को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल की प्रभावशीलता बढ़ेगी।ब्रिटेन के विदेश सचिव की यात्रा को निकट भविष्य में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की संभावित भारत यात्रा के लिए जमीन तैयार करने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन-भारत अवसंरचना वित्तीय पुल यूनाइटेड किंगडम से भारत में गुणवत्तापूर्ण दीर्घकालिक पूंजी प्रवाह को खोल सकता है, और यह निश्चित रूप से अवसंरचना विकास में भी योगदान देगा।

### पीएम मोदी से की मुलाकात

लैमी शनिवार की सुबह दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारतीय राजधानी पहुंचे, जिसका उद्देश्य यूके-भारत आर्थिक और प्रवास साझेदारी की समीक्षा करना और उसे आगे बढ़ाना है। विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा में शामिल होने से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।विदेश मंत्री ने डेविड की इस यात्रा को लेकर कहा कि भारत में आपका स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आपने अभी-अभी प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत अच्छी बैठक की है, और मुझे लगता है कि इस समय आपकी यात्रा हमें हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का आकलन करने का अवसर देती है, जो मुझे लगता है कि हाल के दिनों में सभी क्षेत्रों में मजबूत हुई है।

### डिजिटल और आर्थिक साझेदारी को भी मिलेगा बढ़ावा

# भारत व मध्य एशियाई देश मिलकर करेंगे दुर्लभ खनिजों की खोज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पांच मध्य एशियाई देशों- कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच नई दिल्ली में बीते शुक्रवार को भारत-मध्य एशिया वार्ता की चौथी बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में चीन द्वारा दुर्लभ पृथ्वी खनिज और मैग्नेट के निर्यात पर रोक के बाद, इन छह देशों ने मिलकर दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों की संयुक्त खोज में गहरी रुचि दिखाई है। बैठक में सितंबर 2024 में आयोजित पहले इंडिया-सेंट्रल एशिया रेयर अर्थ फोरम की सफलताओं को सराहा गया और इस तरह की दूसरी बैठक जल्द आयोजित करने का आह्वान किया गया। मंत्रियों ने प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देने पर सहमति जताई, ताकि महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग के नए अवसर तलाशे जा सकें।

### व्यापार क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जाएगा

भारत सरकार इस क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना चाहती है और इसके लिए उत्पादन-आधारित वित्तीय प्रोत्साहनों पर भी विचार कर रही है, जिससे खनिज आधारित उद्योगों को मजबूती मिले। इसके साथ ही, दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश के स्तर को और ऊपर उठाने की आवश्यकता को स्वीकार किया। विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, ऊर्जा, कपड़ा, रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयासों पर जोर दिया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, वित्तीय संपर्क मजबूत करने के लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली, बेहतर बैंकिंग सहयोग और स्थानीय मुद्राओं में व्यापार जैसे क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस दिशा में एक संयुक्त कार्य समूह बनाने की बात भी सामने आई है, जो भारत और मध्य एशिया के बीच बैंकिंग और वित्तीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर काम करेगा।

**पहली बैठक की मेजबानी उज्बेकिस्तान करेगा :** मध्य एशियाई देशों ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल "इंडिया स्टैक" की प्रशंसा की जो डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी को गति देता है। भारत ने इन देशों में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद देने की सहमति जताई है।




कैश बोनस ₹3000#
वाहन स्क्रैपिंग के लिए ग्रीन बोनस ₹2000^
कम डाउन पेमेंट ₹8999**
कम ब्याज दर 6.99%**
आधार आधारित EMI । हायपोथेकेशन नहीं

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. #Cash Bonus is applicable on Xtreme125R model. Ex-showroom prices of Super Splendor XTEC Drum Brake and Xtreme125R IBS OBD2B are applicable in Gurugram ^Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868; Assandh: Sandhu Hero, 9289922815; Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550; Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433; Gohana: Krishna Hero, 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050; Jind: National Hero, 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062; Karnal: Nirmal Hero, 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988; Ladwa: Khanna Hero, 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490; Nuh: Sunil Hero, 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058; Narwana: Narwana Hero, 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877; Panchkula: Regent Hero, 9289923161; Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393; Rewari: Virendra Hero, 9289922060; Rohtak: Shivam Hero, 9289922047; Sirsa: Khanna Hero, 9289923195; Sonipat: Sidak Hero, 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394; Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon: Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road, Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694.

L&K | SAATCHI & SAATCHI